
देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 19 अंक: 169 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

**विचार–प्रवाह...**
रिश्तों का
उज्ज्वल भविष्य



# पेज श्री

देहरादून, बुधवार, 9 अक्टूबर 2024



मौसम अधिकतम 31.0° न्यूनतम 21.0°

79924.77

2 चीन ने लिया बड़ा फैसला

7 सेमीफाइनल में पहुंचने की राह कठिन

# हरियाणा में लगातार तीसरी बार बीजेपी

## जम्मू–कश्मीर में इंडिया अलायंस को मिला पूर्ण बहुमत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। हरियाणा में बीजेपी को बड़ा बहुमत मिल गया है। चुनाव परिणामों के मुताबिक बीजेपी 48 सीटों पर जीत हासिल कर रही है। वहीं कांग्रेस 37, आईएनएलडी 2 और अन्य 3 सीटों पर जीत रहे हैं। हरियाणा के चुनाव परिणाम एग्जिट पोल को फेल कर दिया है। वहीं जम्मू कश्मीर में कांग्रेस गठबंधन ने बहुमत का आंकड़ा पार कर लिया है। ज्यादातर एग्जिट पोल में हरियाणा में कांग्रेस की जीत की भविष्यवाणी की गई थी। हालांकि बीजेपी ने बड़ी जीत दर्ज कर ली है। कैथल से रणदीप सिंह सुरजेवाला के बेटे आदित्य सुरजेवाला ने जीत दर्ज की है। लाडवा सीट से मुख्यमंत्री नायब सैनी जीत गए हैं। हरियाणा के मंत्री अनिल विज शुरुआती रुझानों में पीछे चल रहे थे। हालांकि उन्होंने भी अपने प्रतिद्वंद्वी को शिकस्त दे दी। वहीं उचाना सीट से बीजेपी उम्मीदवार देवेंद्र अत्री जीते, 39 वोटों से हारे कांग्रेस उम्मीदवार बृजेंद्र सिंह और दुष्यंत चौटाला भी हारे।

लोकसभा चुनावों के बाद हरियाणा में विधानसभा चुनाव भाजपा और कांग्रेस के बीच पहला बड़ा सीधा मुकाबला था। कई एग्जिट पोल ने हरियाणा में कांग्रेस की जीत का अनुमान जताया था। इस बार हरियाणा में 67.90 फीसदी मतदान हुआ था।

वहीं इंडिया गठबंधन को जम्मू–कश्मीर में जीत की खुशी मिली। एक दशक बाद हो रहे जम्मू–कश्मीर विधानसभा चुनाव में नेशनल कांफ्रेंस अकेले दम पर 43 सीटें जीतने में सफल रही है। गठबंधन में शामिल कांग्रेस भी 6 सीटों पर जीत दर्ज करने में सफल रही है। इस प्रकार इंडिया गठबंधन(49) जम्मू–कश्मीर विस में बहुमत के नंबर(46) के पार पहुंच गया है। भारतीय जनता पार्टी जम्मू में भी अपनी उम्मीद के मुताबिक सीटें नहीं जीत पाई, वह अभी तक केवल 29 सीटों पर जीत दर्ज करने में सफल रही है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र रैना भी अपनी सीट नौसेरा 7 हजार वोटों से हार गए। अपने दम पर चुनाव लड़ने वाली आम आदमी पार्टी के खातें में भी एक सीट गई है, उसके उम्मीदवार मेहराज डोडा विधानसभा क्षेत्र से जीतने में सफल रहे। केवल 9 निर्दलीय उम्मीदवार इस चुनाव में जीत दर्ज कर पाए।

| हरियाणा | 90/90 |
|---|---|
| बीजेपी | 48 |
| कांग्रेस+ | 37 |
| अन्य | 05 |

| जम्मू–कश्मीर | 90/90 |
|---|---|
| एनसीपी+ | 49 |
| बीजेपी | 29 |
| पीडीपी | 03 |
| अन्य | 09 |

### हरियाणा का आभार, बीजेपी और एनसी को भी बधाई: पीएम

पीएम मोदी ने कहा हमने सबने सुना है, जहां दूध–दही का खाना, वैसा है हमारा हरियाणा। ये भारत के संविधान की जीत है, ये भारत के लोकतंत्र की जीत है। जम्मू–कश्मीर के लोगों नेशनल कॉन्फ्रेंस और उनके गठबंधन को बहुमत दिया है। जम्मू–कश्मीर में जितनी पार्टियां चुनाव लड़ रही थी, उसमें भाजपा सबसे ज्यादा वोट प्रतिशत हासिल करने वाली पार्टी बनी हैं। मैं सभी भाजपा कार्यकर्ता को उनके तप और तपस्या को नमन करता हूं। पीएम मोदी ने आगे कहा– हरियाणा की ये जीत हमारे नम्र–विनम्र मुख्यमंत्री की जीत है। इस बार हरियाणा के लोगों ने जो किया वो पहले कभी नहीं हुआ। आज पूरा देश देखकर कांग्रेस सत्ता में न आने पर जाति का जहर बोने में लगे हैं।

### विदेश में देश का अपमान करने वालों को सबक: अमित शाह

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि अपने वोट बैंक के लिए विदेश में जाकर देश का अपमान करने वालों को किसानों और जवानों की भूमि हरियाणा ने सबक सिखाया है। लगातार तीसरी बार भाजपा को प्रदेश की सेवा करने का अवसर देने के लिए हरियाणा की जनता का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। मोदी के नेतृत्व में भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार आपकी सभी आकांक्षाओं और आशाओं को पूर्ण करेगी। जम्मू–कश्मीर की जनता ने भाजपा को विधानसभा चुनाव में सबसे अधिक मत प्रतिशत का आशीर्वाद दिया है और भाजपा को अब तक के इतिहास में सबसे अधिक सीटें दी हैं। इसके लिए मैं जम्मू–कश्मीर की जनता का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

## संक्षिप्त समाचार

### अभिनेता परेश रावल ने महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी से की मुलाकात

**संवाददाता** देहरादून। मंगलवार देहरादून मसूरी रोड पर अनंत नारायण महादेवन निर्देशित आगामी बॉलीवुड फिल्म "पास्ट टेंस" के सेट पर बॉलीवुड के सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेता परेश रावल से महानिदेशक सूचना और उत्तराखण्ड फिल्म विकास परिषद में मुख्य कार्यकारी अधिकारी बंशीधर तिवारी ने मुलाकात की। इस अवसर पर संयुक्त निदेशक सूचना और संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा नितिन उपाध्याय भी उपस्थित रहे।

### किसी भी चुनौती के लिए तैयार रहे: एयरफोर्स चीफ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज** चेन्नई। वायुसेना प्रमुख एयरचीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने भारतीय वायुसेना से वर्तमान और भविष्य की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए इसे पुनरू संगठित करने का आह्वान करते हुए कहा कि वैश्विक सुरक्षा का माहौल लगातार बदल रहा है। मौजूदा संघर्षों ने एक मजबूत और सक्षम वायुसेना की आवश्यकता को दर्शाया है।

# घोषित किए गए परिणामों को स्वीकार करना संभव नहीं

## कांग्रेस ने हरियाणा के नतीजों को मानने से किया इनकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज**

नई दिल्ली। कांग्रेस ने हरियाणा में हार मानने से इनकार कर दिया है। साथ ही पार्टी ने नतीजों में हेरफेर और गड़बड़ी का आरोप लगाया है और कहा है कि वह इसकी शिकायत चुनाव आयोग से करेगी। कांग्रेस ने कहा कि राज्य में उनसे जीत छीन ली गई है।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने मंगलवार शाम को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा, हरियाणा में नतीजे पूरी तरह से अप्रत्याशित, आश्चर्यजनक और हमारी उम्मीद के विपरीत हैं। यह वास्तविकता के भी उलट हैं। यह हरियाणा लोगों द्वारा तय किए गए बदलाव के खिलाफ हैं। इन परिस्थितियों में, हमारे लिए आज घोषित किए गए परिणामों को स्वीकार करना संभव नहीं है। यह पूछे जाने पर कि क्या हरियाणा में 16 मौजूदा विधायक के हारने और जम्मू–कश्मीर में केवल नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन में जीतने के बाद पार्टी को आत्मचिंतन की जरूरत है, उन्होंने जवाब देते हुए कहा कि इसके लिए समय आएगा, लेकिन अभी सबसे महत्वपूर्ण यह है कि जीत हमसे छीन ली गई है।

सिस्टम का दुरुपयोग किया गया है। कांग्रेस नेता ने कहा कि यह मतगणना प्रक्रिया की ईमानदारी और ईवीएम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाता है। उन्होंने कहा, ईवीएम की विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल हैं।

### एक दो दिन में करेंगें चुनाव आयोग में शिकायत

जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि हरियाणा में आज जो देखा, वह हेरफेर की जीत है। उन्होंने कहा कि यह लोगों की इच्छा को विफल करने की जीत है और यह पारदर्शी, लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं की हार है। हरियाणा पर अध्याय अभी पूरा नहीं हुआ है। जयराम ने कहा, मैं पूरी दोपहर चुनाव आयोग के संपर्क में रहा। उन्होंने मेरी शिकायतों का जवाब दिया है, मैंने उनके जवाब का जवाब दिया है। हमें हरियाणा के कम से कम तीन जिलों में मतगणना की प्रक्रिया, ईवीएम के कामकाज के बारे में बहुत गंभीर शिकायतें मिली हैं। और भी शिकायतें आ रही हैं। यह जानकारी एकत्र की जा रही है। हमें उम्मीद है कि हम इसे आज या कल चुनाव आयोग के सामने पेश करेंगे। हमसे जीत छीन ली गई है।

# ये जीत आम जन के विश्वास को प्रदर्शित करती है: सीएम

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। मुख्यमंत्री ने हरियाणा विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत पर प्रधानमंत्री को बधाई दी। उन्होंने कहा कि ये जीत प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आम जन के विश्वास को प्रदर्शित करती है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को केदारनाथ मंदिर की प्रतिकृति और बाबा केदारनाथ जी का प्रसाद भी भेंट किया।

मुख्यमंत्री ने उत्तराखंड के विकास में निरंतर मिल रहे प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने विशेषज्ञ समिति–२ द्वारा संस्तुत 21 जल परियोजना के विकास एवं निर्माण की अनुमति प्रदान किए जाने हेतु अनुरोध किया। उन्होंने तीन रोपवे परियोजनाए, (क) सोनप्रयाग गौरीकुंड केदारनाथ (ख) गोविंद घाट–हेमकुंड साहिब और (ग) काठगोदाम–नैनीताल को राज्य सरकार द्वारा विकास और संचालन के लिए हस्तांतरित करने का भी अनुरोध किया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि चिन्यालीसौंड हवाई पट्टी जनपद उत्तरकाशी पर छोटे विमान संचालन की अनुमति हेतु सम्बन्धित मंत्रालय को दिशा–निर्देश का अनुरोध किया। इसके साथ ही देहरादून रिंग रोड़ की अवशेष लम्बाई की स्वीकृति का भी अनुरोध किया।

### भेंट

■सीएम धामी ने नई दिल्ली में पीएम मोदी से शिष्टाचार भेंट की

#### हवाई सेवा पुनःसंचालित करने का आग्रह

मुख्यमंत्री ने भारत सरकार की क्षेत्रीय संपर्क योजना के अंतर्गत देहरादून–गौचर–देहरादून और देहरादून–चिन्यालीसौंड–देहरादून की हवाई सेवा पुनःसंचालित किए जाने के लिए नागरिक उड्डयन मंत्रालय को निर्देशित करने के लिए भी आग्रह किया।


Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development — All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding — 1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries) 2. Social Media 3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation — A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly. You tell us, we do it.
Contact: Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in


# उमर अब्दुल्ला बनेंगे जम्मू–कश्मीर के मुख्यमंत्री

■नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने किया एलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज**

जम्मू। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुल्ला जम्मू–कश्मीर के मुख्यमंत्री होंगे, श्रीनगर में नेशनल कॉन्फ्रेंस प्रमुख फारूक अब्दुल्ला ने यह घोषणा की। जम्मू–कश्मीर में नेशनल कॉन्फ्रेंस केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनावों में जीत की ओर बढ़ रही है। फारूक अब्दुल्ला ने यह घोषणा तब की है, जब यह स्पष्ट हो गया कि कांग्रेस–एनसी गठबंधन 10 वर्षों में जम्मू–कश्मीर में पहला विधानसभा चुनाव जीतेगा। उन्होंने कहा कि 10 वर्षों के बाद लोगों ने हमें अपना जनादेश दिया है। हम अल्लाह से प्रार्थना करते हैं कि हम उनकी उम्मीदों पर खरे उतरें। यहां श्पुलिस राजश नहीं बल्कि जनता का राज होगा। हम जेल से निर्दोष लोगों को रिहा करने का प्रयास करेंगे। मीडिया स्वतंत्र रहेगा। हमें हिंदुओं और मुसलमानों के बीच विश्वास विकसित करना होगा।

फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि लोगों ने अपना जनादेश दिया है। उन्होंने साबित कर दिया है कि वे 5 अगस्त को लिए गए फैसले (अनुच्छेद 370 को निरस्त करना) को स्वीकार नहीं करते हैं।

## न्यूज डायरी



### पाकिस्तान में जाकिर नाइक ने भारत की जमकर तारीफ की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत के खिलाफ जहर उगलने वाला जाकिर नाइक इस समय पाकिस्तान की यात्रा पर है। 28 अक्टूबर तक वो पाकिस्तान में रहने वाला है। हालांकि, जाकिर नाइक को पाकिस्तान की मेहमाननवाजी कुछ खास रास नहीं आई। दरअसल, मलेशिया से 1000 किलोग्राम सामान लेकर वो पाकिस्तान पहुंचा था। उसे यह गलतफहमी थी कि पाकिस्तान एयरलाइंस उसके सामानों के पैसे नहीं वसूलेंगे, लेकिन पाकिस्तान एयरलाइंस ने उसे उसके 50 प्रतिशत सामानों पर ही छूट देने की पेशकश की। यह बात जाकिर नाइक को पसंद नहीं आई। जाकिर नाइक ने कहा, जब मैं पाकिस्तान आ रहा था, तो हमारे सामान का वजन 1000 किलोग्राम था। मैंने पीआईए के सीईओ से बात की। स्टेशन मैनेजर ने कहा कि वो मेरे लिए कुछ भी करने के लिए तैयार हैं। हालांकि, जब मैंने उनसे कहा कि मेरे पास 500 से 600 किलोग्राम अतिरिक्त सामान है और मेरे साथ छह लोग यात्रा कर रहे हैं तो उन्होंने मुझे 50 प्रतिशत छूट देने की बात कही। इसपर मैंने कहा कि लगेज का पैसा न लें। मैंने छूट लेने से इनकार कर दिया। वहीं, जाकिर नाइक ने कहा कि जब कोई गैर–मुस्लिम उसे भारत में देखता है तो वो उसे मुफ्त में जाने देता है। उसने कहा, भारत के लोग डॉ जाकिर नाइक को देखते हैं और 1000 से 2000 किलोग्राम अतिरिक्त सामान माफ कर देते हैं। लेकिन पाकिस्तान सरकार का मैं मेहमान हूं फिर भी पाकिस्तान एयरलाइंस मेरे सामान पर पैसे ले रहे हैं।

### कानून व्यवस्था पर अफगानों ने उठाया सवाल तो बौखलाई पाकिस्तान सरकार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने उसकी अंदरूनी राजनीति पर टिप्पणी करने के लिए अफगानिस्तान की तालिबान सरकार की आलोचना की है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने तालिबान सरकार के इस्लामाबाद में तनावपूर्ण स्थिति पर आए बयान को खारिज करते हुए कहा कि अफगानिस्तान की अंतरिम सरकार (एआईजी) हमें सीख देने के बजाय अपनी घरेलू समस्याओं को ठीक करने पर ज्यादा ध्यान केंद्रित करे। रिपोर्ट के मुताबिक, अफगानिस्तान के विदेश मंत्रालय के एक प्रवक्ता ने इमरान खान की पार्टी पीटीआई समर्थकों के इस्लामाबाद की ओर मार्च करने के बाद हुई अशांति पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि पाकिस्तान में सरकार और विपक्षी पार्टी के कार्यकर्ताओं के बीच तनाव पैदा हो रहा है, जिसका पूरे क्षेत्र पर नकारात्मक असर हो सकता है। पाकिस्तान विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने सोमवार को अफगानिस्तान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता की ओर से आए बयान को शुत्छश कहते हुए खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि तालिबान की ओर से पाकिस्तान के घरेलू मामलों में ये गैरजरूरी और निंदनीय हस्तक्षेप है। बलूच ने कहा, एक लोकतांत्रिक देश को व्याख्यान देने के बजाय एआईजी को अपनी घरेलू समस्याओं को ठीक करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। वह समावेशिता को प्राथमिकता दें और अपने अधिकारों में कटौती करने के बजाय महिलाओं और लड़कियों के लिए शिक्षा के अधिकार सहित अपने स्वयं के लोगों की जरूरतों और आकांक्षाओं के प्रति उत्तरदायी रहें।

### छिड़ने वाली है महाजंग! ईरान के राष्ट्रपति से मिलेंगे पुतिन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। तीन मोर्चों पर जंग लड़ रहे इजरायल के लिए एक और बुरी खबर सामने आई है। मिडिल ईस्ट में हो रही जंग के बीच रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान से मिलने वाले हैं। यह मुलाकात तुर्कमेनिस्तान में होने वाली है। विदेश नीति के लिए पुतिन के सहयोगी यूरी उशाकोव ने बताया कि दोनों नेता अश्गाबात में एक तुर्कमेन कवि की स्मृति में आयोजित एक समारोह में भाग लेने के दौरान मिलेंगे। उशाकोव ने कहा कि यह बैठक द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा करने के साथ–साथ मिडिल ईस्ट में तेजी से बिगड़ी स्थिति पर चर्चा करने के लिए भी बहुत महत्वपूर्ण है। दूसरी ओर पुतिन की इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात की अभी कोई योजना नहीं है। जानकारों की मानें तो व्लादिमीर पुतिन मिडिल ईस्ट की इस जंग पर करीब से नजर बनाए हुए हैं। रूस खुद यूक्रेन के साथ जंग लड़ते–लड़ते अमेरिका समेत कई यूरोपिए देशों के निशाने पर है।

# जिनपिंग सरकार ने 400 लोगों को बुलाया वापस

## कराची फिदायीन हमले के बाद चीन ने लिया बड़ा फैसला

**फैसला**

- गुलाम कश्मीर में चीन ने अपनी सेना तैनात करने का फैसला किया
- चीनी नागरिकों की सुरक्षा में जुटी पाक सरकार
- बलूचिस्तान के गैस–मिनरल पर चीन की नजर



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। आतंकवाद और आर्थिक बदहाली से जूझ रहे पाकिस्तान को हमेशा चीन ने सहारा दिया है। पाकिस्तान को हथियार के रुप में इस्तेमाल कर चीन ने हमेशा अपनी नापाक मंसूबों को अंजाम देने की कोशिश की है। पाकिस्तान में बढ़ी तादाद में चीन के नागरिक मौजूद हैं। पाकिस्तान में फिदायीन हमले आम हैं। हर आए दिन इन हमलों में पाकिस्तान के लोग मारे जाते हैं। लेकिन, इस बार फिदायीन हमले की चपेट में चीनी नागरिक भी आ गए। रविवार रात फिदायीन हमले में दो चीनी इंजीनियरों की मौत हो गई है। वहीं, 10 लोग घायल हो गए हैं। बलूच लिबरेशन आर्मी की माजिद ब्रिगेड ने इस हमले की जिम्मेदारी ली थी। इस घटना के बाद शी जिनपिंग सरकार ने पाकिस्तान में काम कर रहे 400 चीनी नागरिकों को देश वापस आने का आदेश दिया। सभी चीनी नागरिक वापस स्वदेश रवाना हो गए। बलूचिस्तान से लगभग 250 चीनी इंजीनियर और गिलगिट बाल्टिस्तान से 150 इंजीनियर, कराची और इस्लामाबाद इंटरनेशनल एयरपोर्ट से चीन चले गए हैं।

इन चीनी नागरिकों के वापस देश लौटने के बाद सीपैक के बलुचिस्तान वाले इलाके सहित पावर और इन्फ्रास्ट्रक्चर से जुड़े 8 प्रोजेक्ट पर काम ठप हो गए। इसी बीच जानकारी सामने आ रही है कि गुलाम कश्मीर में चीन ने अपनी सेना तैनात करने का फैसला किया है। हाल ही में पाकिस्तान की सेना ने चीनी नागरिकों और प्रतिष्ठानों की रक्षा के लिए 45 अरब रुपए का बजट तय किया है। गुरुवार को कैबिनेट की आर्थिक समन्वय समिति (ईसीसी) की बैठक में लिया गया, जिसकी अध्यक्षता वित्त मंत्री मुहम्मद औरंगजेब ने की। शहबाज सरकार के मुताबिक, 45 अरब रुपये में से 35.4 अरब रुपये की राशि सेना को और 9.5 अरब रुपये की राशि नौसेना को विभिन्न उद्देश्यों के लिए दी जाएगी।

बताते चलें कि चीन पाकिस्तान के बलूचिस्तान में कई सीपीईसी प्राजेक्ट पर काम कर रहा है। इस इलाके में चीन 60 अरब डॉलर से ज्यादा का निवेश कर रहा है। यह पूरा इलाका गैस और मिनरल से भरा हुआ है जिस पर चीन की नजर है। वहीं बलूच विद्रोही लगातार हमले और विरोध प्रदर्शन करके चीन के प्राजेक्ट का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने चीन को चेतावनी दी है कि वे बलूचिस्तान से दूर रहें।

## डोनाल्ड ट्रंप हारे तो यह आखिरी अमेरिकी चुनाव होगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वॉशिंगटन। दुनिया के सबसे अमीर लोगों में शुमार, टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलोन मस्क ने अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप की जीत को जरूरी कहा है। ट्रंप के लिए अपना समर्थन जताते हुए उन्होंने कहा कि अगर डोनाल्ड ट्रंप हार जाते हैं, तो फिर यह आखिरी चुनाव है। पूर्व फॉक्स न्यूज होस्ट टकर कार्लसन के साथ एक इंटरव्यू में मस्क ने कहा कि वह 2024 के अमेरिकी चुनावों के लिए रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार ट्रंप के साथ मजबूती से खड़े हैं। मस्क ने कहा, अगर ट्रंप हार जाते हैं, तो मेरे लिए ये एक बड़ा झटका होगा। अगर ट्रंप हार जाते हैं, तो तुम्हें क्या लगता है मेरी जेल की सजा कितनी लंबी होगी? मैं समझता हूं कि ट्रंप यह चुनाव नहीं जीतते हैं, तो यह हमारा आखिरी इलेक्शन होगा।

ट्रंप की हालिया पेंसिल्वेनिया रैली में मस्क ने पूर्व राष्ट्रपति के लिए अपना समर्थन व्यक्त किया था। कार्लसन के साथ बातचीत के दौरान मस्क ने कहा, अवैध प्रवासियों को जानबूझकर कुछ प्रमुख राज्यों में ले जाया जा रहा है, जहां उन्हें नागरिकता दी जाएगी और वे डेमोक्रेटिक पार्टी के पक्ष में मतदान करेंगे। ये एक बड़ा खेल चल रहा है क्योंकि स्विंग–स्टेट मार्जिन कभी–कभी दस–बीस हजार वोटों का होता है।



## मुइज्जू के मालदीव में लगेंगे भारत के रेडार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** माले। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच कई समझौते हुए हैं। इनमें एक महत्वपूर्ण समझौते के तहत राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने भारत को मालदीव में श्क्षा प्लेटफॉर्म और संपत्ति की तैनाती की अनुमति देने पर सहमति जताई है। मालदीव का राष्ट्रपति बनने के बाद मुइज्जू ने भारत से सैनिकों को निकालने को कहा था, अब कुछ ही महीने के बाद उनकी सरकार ने भारत के रेडार को देश में लगाने की मंजूरी दी है। समझौते के तहत भारत मालदीव के राष्ट्रीय रक्षा बल की निगरानी क्षमता को बढ़ाने में भी माले की सहायता करेगा। इसके लिए नई दिल्ली से माले को रेडार सिस्टम और अन्य उपकरण दिए जाएंगे। पीएम मोदी और राष्ट्रपति मुइज्जू की मुलाकात के बाद, भारत ने मालदीव को आर्थिक संकट और कर्ज चुकौती से उबारने में मदद देने के लिए भी सहमति जताई।

# इजरायल हमें नहीं छोड़ेगा ईरान पूरी ताकत से करे हमला

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

इजरायल और ईरान में तनाव बना हुआ है

तेहरान। ईरानी क्रांति के नेता रहे ईरान के पूर्व सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खुमैनी के पोते ने इजरायल के खिलाफ पूरी ताकत से हमला करने की धमकी दी है। हसन खुमैनी के ने ईरानी चैनल पर एक इंटरव्यू के दौरान कहा कि इजरायल तब तक पीछे नहीं हटेगा, जब तक उसके खिलाफ ताकत का इस्तेमाल नहीं किया जाएगा। हसन खुमैनी ने फिलिस्तीनी राज्य की स्थापना के लिए जनमत संग्रह कराने ईरान के सुझाव पर भी बात की और कहा कि यह इजरायल के अंत की ओर जाएगा। हसन खुमैनी ने दावा किया कि जनमत संग्रह में श्जो सबसे ज्यादा वोट हासिल करेगा, वो जीतेगा। इससे अंततः इजरायल का सफाया हो जाएगा और वे यह जानते हैं। पूर्व सुप्रीम लीडर के पोते ने अमेरिका, ब्रिटेन और इजरायल की तरफ से प्रस्तावित दो राज्य समाधान की आलोचन की। हसन ने कहा कि यह दुनिया को इजरायली कब्जे की वैधता स्वीकार करने के लिए मजबूर करने की एक चाल मात्र है। हसन खुमैनी ने कहा, यह सोचना गलत है कि अगर इजरायल को अकेला छोड़ देंगे तो वह इजरायल भी हमें अकेला छोड़ देगा। उन्होंने कहा कि इजरायल से बातचीत और दोस्ती दिखाने से कुछ हासिल नहीं होगा। इसके बजाय ईरान को अपनी ताकत और सैन्य क्षमता दिखाने की जरूरत होगी। मौजूदा वैश्विक स्थिति में इजरायल से निपटने के लिए मजबूत नजरिए की जरूरत है।

ईरान ने पिछले सप्ताह इजरायल के ऊपर 200 बैलिस्टिक मिसाइलों की बौछार कर दी थी। यह हमला अप्रैल में किए गए हमले से ज्यादा घातक था। इस बार के हमले में कई ईरानी मिसाइलें इजरायली क्षेत्र में गिरी थीं। इजरायली एयरबेस भी इस हमले में निशाना बना था। ईरान ने इसे लेबनान में हिजबुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह की हत्या के बदले में की गई कार्रवाई बताया था। बीते शुक्रवार को ईरान के सुप्रीम लीडर ने ग्रैड मस्जिद से संबोधन दिया था, जिसमें इजरायल को मिटाने की धमकी दी थी।

### लेबनान में पैदल घुसी इजरायली सेना


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बेरूत। इजरायल की 91वीं डिवीजन लेबनान में दाखिल हो चुकी है। यह डिवीजन टैंकों और तबाही मचाने वाले हथियारों के साथ आगे बढ़ रही है। लेबनानी सुरक्षा सूत्रों के अनुसार इजरायली पैदल सेना ने लेबनान के सीमावर्ती गांव मारून अल–रास में दाखिल हुई। करीब 50 इजरायली सैनिकों ने ब्लू लाइन को पार किया। इजराइली सेना भारी गोलाबारी और हवाई हमलों के साथ आगे बढ़ने का रास्ता तैयार कर रही है। इस दौरान दक्षिणी लेबनान में दर्जनों गांवों को निशाना बनाया गया है। लेबनान सीमा के पास दर्जनों टैंकों को देखा गया है। इन टैंकों को इजरायली ड्रोन और लड़ाकू विमान कवर देने में जुटे हैं। सूत्रों के मुताबिक इजरायली सेना ने यारून, अल्मा अल–शाब, अल–वजानी और कफरचौबा समेत कई स्थानों पर दाखिल होने की कोशिश की। मगर हिजबुल्लाह जवाब में कई कत्युशा रॉकेटों की बौछार की।

Page Three
Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# दर्ज कराई गई समस्याओं का तत्परता से निराकरण करने का आश्वासन

## ओबीसी वर्ग के लिए सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं की दी गई जानकारी

**जन संवाद**

**संवाददाता**



रुद्रप्रयाग। दो दिवसीय जनपद भ्रमण पर पहुंचे उत्तराखंड अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष संजय नेगी ने ग्राम पंचायत हाट, बुटोल, गढ़तरा एवं गौरीकुंड गांव में अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों के साथ जन संवाद एवं बैठक करते हुए उनकी समस्याओं को सुना।

बैठक में ओबीसी वर्ग के लोगों ने उत्तराखंड अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष को जानकारी दी है कि बंदोबस्ती में गोसांई दर्ज है जबकि कई लोग गुसांई एवं गोस्वामी अपने नाम तथा अभिलेखों में दर्ज किए जा रहे हैं जिस कारण ओबीसी प्रमाण पत्र निर्गत नहीं हो रहे हैं। उन्होंने गुसांई एवं गोस्वामी को गोसांई उपजाति में शामिल करने की मांग रखी गई है ताकि ओबीसी वर्ग के लोगों का ओबीसी प्रमाण–पत्र निर्गत हो सके। ग्राम पंचायत हाट में जन संवाद कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों द्वारा सड़क, विद्युत, पानी, सिंचाई आदि समस्याओं से अवगत कराया गया।

ग्राम पंचायत बुटोल जन संवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों द्वारा गुगली–पिल्लू क्षतिग्रस्त मोटर मार्ग की डामरीकरण की मांग की गई तथा अखोड़ीसेरा से खुमासेरा तोक 01 किमी सिंचाई नहर जो क्षतिग्रस्त है उसको भी दुरूस्त करने की मांग की गई। टाटा पेयजल योजना के तहत पिल्लू से बुटोलगांव तक टूटी पेयजल लाइन की मरम्मत की मांग की गई। क्षेत्र में बंदरों व सूअरों के आतंक से किए जा रहे फसलों के नुकसान से सुरक्षा की मांग की गई। ग्राम पंचायत गढ़तरा में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम के तहत ग्रामीणों द्वारा जाखधार–गढ़तरा मोटर मार्ग की मरम्मत कार्य की मांग की गई तथा क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध न होने से स्वास्थ्य व्यवस्था की मांग की गई। मवासा तोक में पुलिया निर्माण की मांग की गई तथा नलेश्वर महादेव मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य की मांग की गई। इसके साथ ही जल जीवन मिशन योजना के तहत लोगों के घरों में पेयजल कनेक्शन तो लगा दिए गए हैं लेकिन पानी का टैंक न बनने से पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रही है। सुनीता देवी पुत्री सदानंद गोस्वामी ने परित्यागता पेंशन उपलब्ध कराने की मांग की गई। गौरी गांव में जन संवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों द्वारा सोनप्रयाग से गौरीकुंड तक सड़क चौड़ीकरण निर्माण करने की मांग की गई तथा गौरी गांव के नीचे हो रहे भूधसांव की रोकथाम के लिए सुरक्षा दीवार निर्माण करने की मांग की गई। गौरी गांव में हैलीपैड़ से टीन शैड हटाने, गौरीकुंड में गरम कुंड की सफाई की मांग की गई तथा पार्किंग निर्माण करने की मांग की गई। इसके साथ ही गौरीकुंड में बेहतर साफ–सफाई व्यवस्था के साथ–साथ मंदाकिनी नदी को स्वच्छ बनाए रखने के लिए यात्री नदी किनारे शौच के लिए न जाएं इसके लिए उन्होंने शौचालय बनाए जाने की भी मांग की गई।

अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष ने जन संवाद कार्यक्रम में ओबीसी वर्ग के लोगों को आश्वस्त किया है कि ओबीसी प्रमाण–पत्र के अंदर गंसाई, गोसांई और गोस्वामी जैसे उपनामों के पंजीकरण पर तकनीकी दिक्कत देखने को मिली है जिसके लिए इसका परीक्षण कर शीघ्र ही कार्यवाही की जाएगी।

## न्यूज डायरी

### 3 नवंबर को बंद होंगे श्री केदारनाथ मंदिर के कपाट

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। श्री केदारनाथ मंदिर के कपाट पूर्व परम्परा के अनुसार इस शीतकाल हेतु 03 नवंबर, 2024 को भाईदूज के दिन प्रातः 8 बजकर 30 मिनट पर बंद किए जाएंगे। श्री बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति के मुख्य कार्याकारी अधिकारी विजय प्रसाद थपलियाल ने उक्त जानकारी देते हुए अवगत कराया है कि श्री केदारनाथ मंदिर के कपाट पूर्व परम्परा के अनुसार इस शीतकाल हेतु 03 नवंबर, 2024 को भाईदूज के दिन प्रातः 8 बजकर 30 मिनट पर बंद किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि श्री केदारनाथ भगवान की चल–विग्रह डोली यात्रा कार्यक्रम के अनुसार 03 नवंबर को चल–विग्रह डोली केदारनाथ मंदिर से प्रातः 8:30 बजे प्रस्थान होगी। इसके उपरांत रात्रि विश्राम हेतु रामपुर पहुंचेगी। 04 नवंबर को श्री केदारनाथ भगवान की चल–विग्रह डोली रामपुर से प्रातः प्रस्थान होगी तथा फाटा, नारायकोटी होते हुए रात्रि विश्राम हेतु श्री विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी पहुंचेगी। 05 नवंबर को चल–विग्रह डोली श्री विश्वनाथ मंदिर गुप्तकाशी से प्रातः 8:30 बजे प्रस्थान कर प्रातः 11:20 बजे अपने शीतकालीन गद्दी स्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर ऊखीमठ पहुंचेगी तथा पूर्व परम्परा के अनुसार अपने गद्दी स्थल पर विराजमान होंगी।

### एफएमसी ने अम्ब्रिवा खरपतवारनाशक लॉन्च किया

**संवाददाता** हल्द्वानी। अग्रणी वैश्विक कृषि विज्ञान कंपनी एफएमसी ने चंडीगढ़, भारत में आयोजित एक ग्राहक समारोह में आगामी फसल चक्र में गेहूँ के लिए अम्ब्रिवा खरपतवारनाशक का लॉन्च किया है अम्ब्रिवा खरपतवारनाशक में आईसोफ्लेक्स एक्टिव है जो एक ग्रुप 13 हर्बिसाईड है। प्रतिरोध प्रबंधन के लिए गेहूँ की फसलों के किसानों के लिए यह एक आधुनिक कार्यविधि द्वारा प्रचलित नया साधन है अम्ब्रिवा खरपतवारनाशक आईसोफ्लेक्स एक्टिव और मेट्रिब्यूजिन का अनूठा मिश्रण है अध्ययनों में सामने आया है कि अम्ब्रिवा खरपतवारनाशक फलैरिस माईनर खरपतवार, जिसे 'गुल्ली डंडा' या 'मंडूसी' भी कहते हैं।

### ओप्पो इंडिया लेकर आया अपना नया ब्रांड कैम्पेन विश्वास का दीप

**संवाददाता** देहरादून। इस दीवाली पर ओप्पो इंडिया अपना नया ब्रांड कैम्पेन विश्वास का दीप लेकर आया है। इस कैम्पेन में एक आकर्षक फिल्म और अनेक डिजिटल अनुभव पूरे भारत से दीवाली के जश्न की तस्वीरें पेश कर रहे हैं, जिनमें विविधता में एकता दिखाई दे रही है। इसके साथ ही संदेश हर दीवाली विश्वास का दीप जलाती है आशा एवं विश्वास प्रदर्शित कर रहा है, जो त्योहारों पर सभी लोगों और समुदायों को एक सूत्र में बांधता है।

## आपदा प्रभावितों को मुआवजा न देने पर हाईकोर्ट ने सरकार से जवाब मांगा

**संवाददाता** नैनीताल। हाईकोर्ट ने रुद्रप्रयाग के अमसारी गांव के आपदा पीड़ितों को राज्य सरकार द्वारा मुआवजा नहीं दिए जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर मंगलवार को सुनवाई की। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति रितु बाहरी एवं न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने राज्य सरकार से मामले में तीन सप्ताह में जवाब देने को कहा है। अगली सुनवाई के लिए तीन सप्ताह बाद की तिथि नियत की है।

अमसारी के आपदा पीड़ित राजेंद्र सिंह बिष्ट की ओर से इस मामले को जनहित याचिका के माध्यम से हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ता ने कहा है कि 2022 में अमसारी में दैवीय आपदा आई थी। इससे गांव के 20 परिवार प्रभावित हुए थे। जिला प्रशासन की ओर से 13 परिवारों को मुआवजा दिया गया लेकिन सात परिवारों को इससे वंचित कर दिया गया। जिला प्रशासन की ओर से कोर्ट में कहा गया कि जिन लोगों के अन्य शहरों और कस्बों में मकान हैं, उन्हें मुआवजा नहीं दिया जाएगा। जनहित याचिका में आगे कहा गया कि गांव के कई परिवार रोजी–रोटी के लिए बाहर गए हैं।

किराए के मकान में रहते हैं। साल 2022 में आपदा आने के बाद सरकार उनके साथ मुआवजा देने में मतभेद कर रही है, जबकि ग्राम प्रधान के चुनाव होने पर वोट देने के लिए उन्हें गांव बुला लिया जाता है। याचिका में सवाल किया गया है कि क्या उन्हें राज्य की सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिलना चाहिए।



### महादेव मन्दिर जखोल के प्रांगण का सौन्दर्गीकरण कार्य का शुभारम्भ

**संवाददाता** पुरोला। विधानसभा पुरोला के विकासखण्ड मोरी के 22 गाँव के क्षेत्रपति सोमेश्वर महादेव मन्दिर जखोल के प्रांगण का समतलीकरण सौन्दर्गीकरण कार्य का शुभारम्भ एवं भूमि पूजन, शिलान्यास मंगलवार को क्षेत्रिय विधायक दुर्गेश लाल ने किया। विधायक ने कहा कि ये पल हमारे लिए गौरव के है कुछ दिन पूर्व जखोल गाँव को भारत सरकार द्वारा बेस्ट टूरिज्म विलेज (साहसिक पर्यटन) में प्रथम पुरस्कार दिया गया है तथा मेरे द्वारा विधानसभा क्षेत्र में निरंतर विकास कार्य किए जा रहे हैं । धर्मस्व विभाग उत्तराखण्ड द्वारा जखोल मंदिर सौंदर्यकरण, समतलीकरण आदि के लिए एक करोड़, नवासी लाख, तीस हजार की धनराशि जारी की गई है तथा कोटगांव,व फिताडी के मंदिर व चौक निर्माण का विधिवत भूमि पूजन किया गया है जिसका कार्य प्रारंभ हो गया है।

## नगर की समस्याओं का जल्द निराकरण करने के लिए किया आश्वस्त

**संवाददाता**

■ गढ़वाल आयुक्त एवं आपदा प्रबंधन सचिव ने पदाधिकारियों के साथ की बैठक

चमोली। गढवाल आयुक्त विनय शंकर पाण्डेय और आपदा प्रबंधन सचिव विनोद कुमार सुमन ने मंगलवार को ज्योर्तिमठ पहुंचकर ज्योर्तिमठ मूल निवासी स्वाभिमान संगठन एवं ज्योर्तिमठ बचाओ संघर्ष समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने आश्वस्त किया कि नगर की समस्याओं का जल्द निराकरण किया जाएगा।

गढ़वाल आयुक्त ने कहा कि ज्योर्तिमठ को सुरक्षित बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है और इस दिशा में पूरी निष्ठा के साथ कार्य कर रही है। ज्योर्तिमठ में आपदा पुर्नवास कार्यालय स्थापित करने की मांग पर गढ़वाल आयुक्त ने कहा कि एक सप्ताह के भीतर आपदा पुर्नवास कार्यालय स्थापित किया जाएगा। उन्होंने मौके पर ही आपदा पुर्नवास कार्यालय में एक तहसीलदार, एक रजिस्ट्रार कानूनगो तथा 2 अभियन्ताओं की तैनाती करने के आदेश दिए।

गढ़वाल आयुक्त ने कहा कि ज्योर्तिमठ सीवरेज, ड्रेनेज, नाली सुधारीकरण और प्रोटेक्शन कार्यो के लिए डीपीआर बनाने का काम लगभग पूरा हो गया है। और आईआईटी रुड़की से परीक्षण करने के बाद डीपीआर इसी महीने भारत सरकार को भेजी जाएगी। विष्णु प्रयाग में अलकनंदा और धौलीगंगा के तटों पर टो–प्रोटेक्शन के लिए डीपीआर तैयार की जा रही है। उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावितों के विस्थापन के लिए बमोथ, गौचर भूमि चिन्हित की गयी थी लेकिन विस्थापितों द्वारा वहां विस्थापित होने को लेकर असहमति जताई गयी। उन्होंने कहा कि जो लोग ज्योर्तिमठ में सुरक्षित स्थानों पर अपनी भूमि पर मकान बनाना चाहते हैं उस पर कोई आपत्ति नहीं है।

उन्होंने कहा कि ज्योर्तिमठ के आस पास ही प्रभावितों के विस्थापन के लिए सुरक्षित भूमि तलाशी जा रही है। उन्होंने एसडीएम ज्योर्तिमठ को निर्देश दिए कि औली के पास फल संरक्षण की 500 नाली भूमि का भूगर्भीय सर्वेक्षण कराके प्रभावितों के विस्थापन की योजना की तैयारी की जाए। और सुरक्षित स्थान पर भूमि चयनित करें और उसका प्रस्ताव दें।

### खेल विभाग में वेबसाइट ठप, कोचों का वेतन अटका

**संवाददाता** हल्द्वानी। साइबर अटैक के बाद हालांकि उत्तराखंड के कई विभागों में ऑनलाइन सिस्टम शुरू हो गया है लेकिन खेल विभाग की साइट अब भी ठीक नहीं हो सकी है। इस कारण खेल प्रशिक्षकों का वेतन अभी तक जारी नहीं हो सका है। वहीं बिलिंग संबंधी काम भी अटके हुए हैं। विभाग के अन्य विभिन्न कार्यों पर भी ब्रेक लगा हुआ है। खेल विभाग के कार्यालय में मंगलवार को भी ऑनलाइन सिस्टम ठप रहने से विभिन्न कार्य नहीं हो सके। कर्मचारी दिन भर ऑनलाइन सिस्टम के शुरू होने के इंतजार में बैठे रहे, लेकिन सिस्टम शुरू नहीं हो सका। इस कारण खेल विभाग में संविदा पर कार्यरत खेल प्रशिक्षकों का वेतन अभी तक जारी नहीं हो सका है। दरअसल, प्रशिक्षकों के वेतन के दस्तावेज अपलोड किए जाने थे, लेकिन बीते गुरुवार को सिस्टम अचानक ठप होने के कारण यह कार्य नहीं हो सका।

*किसी भी चीज से बढ़कर तैयारी, सफलता की कुंजी है*
*।–अज्ञात*

विचार-प्रवाह
देहरादून, बुधवार, 9 अक्टूबर 2024
पेज थ्री
www.page3news.in


# रिश्तों का उज्ज्वल भविष्य

**अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने पीएम मोदी को संबोधित करते हुए कहा, 'जब भी हम साथ बैठते हैं, सहयोग के नए–नए क्षेत्र तलाश लेते हैं' और यह भी कि 'दोनों देशों के रिश्ते आज अतीत के किसी भी दौर के मुकाबले ज्यादा मजबूत हैं।'**

अनुज श्रीवास्तव।।

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने विलमिंगट्न स्थित अपने निजी आवास में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिस गर्मजोशी से स्वागत किया, वह दोनों नेताओं के बीच की पर्सनल केमिस्ट्री को ही नहीं, दोनों देशों के रिश्तों में बढ़ती करीबी को भी दिखाता है।

पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा ऐसे समय में हुई जब पूरी दुनिया की नजरें अगले नवंबर में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव पर टिकी हैं। जनवरी तक वहां कमला हैरिस या डॉनल्ड ट्रंप में से कोई राष्ट्रपति पद पर विराजमान होंगे। लेकिन जैसा कि अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडन ने पीएम मोदी को संबोधित करते हुए कहा, 'जब भी हम साथ बैठते हैं, सहयोग के नए–नए क्षेत्र तलाश लेते हैं' और यह भी कि 'दोनों देशों के रिश्ते आज अतीत के किसी भी दौर के मुकाबले ज्यादा मजबूत हैं।'



दोनों देशों के द्विपक्षीय रिश्तों में निरंतर सुधार की यह प्रक्रिया यूं तो 21वीं सदी की शुरुआत से ही दिख रही है, लेकिन खासकर 2006 में हुए परमाणु ऊर्जा समझौते के बाद इसमें खासी तेजी आई। उस समय से दोनों देशों में न सिर्फ राष्ट्राध्यक्ष और शासनाध्यक्ष बल्कि सत्तारूढ़ दल भी बदलते रहे। जहां भारत में कांग्रेस के डॉ. मनमोहन सिंह के बाद बीजेपी के नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बने, वहीं अमेरिका में जॉर्ज बुश के बाद तीन अलग–अलग राष्ट्रपति– बराक ओबामा, डॉनल्ड ट्रंप और जो बाइडन– सत्ता संभाल चुके, लेकिन इस बीच दोनों देशों के रिश्ते लगातार बेहतर ही होते रहे।

इस बार भी पूर्व राष्ट्रपति और मौजूदा चुनाव में रिपब्लिकन पार्टी के प्रत्याशी डॉनल्ड ट्रंप पीएम मोदी के अमेरिका पहुंचने से पहले ही उनसे मुलाकात की इच्छा जता चुके हैं। यह इस बात का संकेत है कि भारतीय प्रधानमंत्री में वहां के नागरिकों और वोटरों की भी खासी दिलचस्पी है। हालांकि भारत की तरफ से अभी तक इस मुलाकात की संभावना पर कुछ नहीं कहा गया है। वजह यह है कि चुनाव से पहले किसी खास दल के प्रत्याशी से पीएम मोदी की मुलाकात के गलत संकेत जा सकते हैं। और इस बात की गुंजाइश नहीं लग रही कि रिपब्लिकन और डेमोक्रैट दोनों प्रत्याशियों से पीएम मोदी की मुलाकात का मौका बन पाएगा।

बहरहाल, यूक्रेन युद्ध पर भारत का संतुलित रुख, क्वॉड के मंच की लगातार मजबूत होती भूमिका, चीनी आक्रामकता पर अंकुश लगाने की साझा जरूरत जैसी बातों से भी जाहिर होता है कि छोटे–मोटे तात्कालिक विवाद भले उपजते और हल होते रहें, भारत और अमेरिका के आपसी रिश्ते आने वाले समय में और बेहतर होने वाले हैं।

## रहस्यमयी इंसान




**अशोक वोहरा।** वह डायना को अनसुना करके, वहाँ से चला जाता है। डायना नदी के दूसरी तरफ जाना चाहती थी, इसलिए वह एक नाव को किराये पर लेती है और उस पर बैठकर, नदी के दूसरे किनारे पहुँच जाती है और उसी पत्थर के पास पहुँच जाती है, जहाँ अघोरी बैठे हुए थे। अघोरी ने अपनी आंखें, बंद कर रखी थी और ध्यान में मग्न थे। तभी डायना, उनसे पूछती है, "आप कौन हैं ? आँखें खोलिए"। अचानक अघोरी, अपनी आंखें खोलते हैं और उन्हें देखते ही डायना डर जाती है, क्योंकि उनकी आंखें सुर्ख लाल दिखाई दे रही थी। आँखों में खून उतरा हुआ था और भृकुटी तनीं हुई थी। अघोरी ऊँचे स्वर में कहते हैं, "तुम यहाँ से चली जाओ"। वह अघोरी से बात करना चाहती थी, लेकिन वह हिम्मत नहीं जुटा पा रही थी। **...शेष कल**

## संपादकीय

### मिलकर होगा मुकाबला

दिल्ली की सरकार वायु प्रदूषण कम करने को लेकर गंभीर है, तो उसे आर्टिफिशल रेन जैसे क्विक फिक्स पर काम नहीं करना चाहिए। दिल्ली सरकार को केंद्र, हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और राजस्थान के साथ बैठकर काम करने की जरूरत है। पहली बात यह कि सेंट्रल गवर्नमेंट को एक एयर पॉल्यूशन कंट्रोल जोन बनाने और दिल्ली एयर पॉल्यूशन कंट्रोल जोन को नोटिफाई करने की जरूरत है। इस पूरे एरिया में जो कंट्रोल जोन हैं, उनमें कोऑर्डिनेटेड रूप से एयर पॉल्यूशन पर काम होना चाहिए। आई फॉरेस्ट का एक अध्ययन बताता है कि दिल्ली एनसीआर और यूपी के चार डिस्ट्रिक्ट– अलीगढ़, हाथरस, मथुरा और आगरा को मिलाकर यह एयर पॉल्यूशन कंट्रोल जोन बन सकता है। इसका रेडियस 150 किलोमीटर का है। दिल्ली के आसपास के जितने डिस्ट्रिक्ट हैं, वे इसके अंदर आ जाएं। इस पूरे जोन में वायु प्रदूषण पर कोऑर्डिनेटेड तरीके से काम करने की जरूरत है। अगर हम इन पांच बोल्ड एक्शन को एड्रेस करते हैं तो हम दिल्ली में अगले 3 से 5 साल में 50 प्रतिशत प्रदूषण कम कर सकते हैं। लेकिन क्या दिल्ली सरकार इसके लिए तैयार है?

अगर हम दिल्ली के प्रदूषण को कम करना चाहते हैं तो हमें एक रीजनल कोऑर्डिनेटर अप्रोच की जरूरत है। उसके अलावा और कोई उपाय है ही नहीं।

# रिजल्ट पर शक

चंद्रभूषण।।

जैसे–जैसे वायु प्रदूषण का समय नजदीक आ रहा है, इसे लेकर गहमागहमी शुरू हो गई है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा है कि दिल्ली के प्रदूषण को कम करने के लिए वह इस साल नए उपाय लागू करेंगे। इन उपायों में एक है आर्टिफिशल रेन, जो वातावरण में केमिकल्स डालकर नकली बारिश कराने का एक तरीका है। उन्होंने जोर दिया है कि आईआईटी कानपुर के साथ दिल्ली इस बार आर्टिफिशल रेन का इस्तेमाल करेगी ताकि वायु प्रदूषण में कमी हो। उन्होंने वर्क फ्रॉम होम के बारे में बात की है और किस तरह से प्राइवेट गाड़ियों को रोड पर कम लाया जाए, उसकी भी चर्चा की है।

सबसे इंटरेस्टिंग बात यह है कि इस बार उन्होंने पराली जलाने के ऊपर कोई बात नहीं की। सब जानते हैं कि अक्टूबर–नवंबर में दिल्ली में सबसे सीवियर एयर पॉल्यूशन पराली जलाने के कारण होता है। फिर भी उन्होंने पराली की कोई बात नहीं की, जबकि दिल्ली और पंजाब– दोनों राज्यों में आम आदमी पार्टी की सरकार है। मैं यह कहना चाहूंगा कि नकली बारिश का जो प्रयोग दिल्ली सरकार दोबारा करना चाहती है, उससे भी कोई रिजल्ट निकलने वाला नहीं है। पिछले एक दशक में देखें तो दिल्ली गवर्नमेंट ने सिर्फ एक्सपेरिमेंट किया है। उन्होंने ऑड–ईवन



किया, स्मोक टावर लगाए जो कि लगभग ठप पड़े हैं। ट्रैफिक सिग्नल पर इंजन ऑफ करने का भी काम नहीं हुआ है। कमर्शल वीकल को रोकना और दिल्ली के अंदर ना आने देने का भी कोई बहुत ज्यादा रिजल्ट नहीं निकला है।

ये सभी एक्सपेरिमेंट जो पिछले 10 साल से हो रहे हैं उनके कोई रिजल्ट नहीं निकले हैं। अब आर्टिफिशल रेन या वर्क फ्रॉम होम की बात हो रही है तो इसका भी कोई खास रिजल्ट नहीं निकलेगा। इसका कारण बड़ा सिंपल है कि दिल्ली में जो प्रदूषण है, उसके स्रोत कुछ और हैं, कारण कुछ और है। पहले तो यह मानने की जरूरत है कि दिल्ली सिर्फ एनसीआर क्षेत्र का 2.7 प्रतिशत है। दिल्ली का प्रदूषण दिल्ली के कारण तो होता ही है, लेकिन इसके ज्यादा कारण दिल्ली के बाहर से आते हैं। बहुत से अध्ययन दिखाते हैं कि दिल्ली का 50 से 70 प्रतिशत प्रदूषण बाहर से आता है।

अगर हम दिल्ली के प्रदूषण को कम करना चाहते हैं तो हमें एक रीजनल कोऑर्डिनेटर अप्रोच की जरूरत है। उसके अलावा और कोई उपाय है ही नहीं। दूसरे, दिल्ली में प्रदूषण का प्रमुख कारण है बायोमास, जो जलावन आज खाना पकाने के लिए, ठंड में सर्दी से बचने के लिए हीटिंग फ्यूल की तरह इस्तेमाल होता है, छोटी घरेलू इंडस्ट्रीज में इस्तेमाल होता है। उसके अलावा पराली तो है ही। यह बायोमास आज दिल्ली–एनसीआर में पीएम 2.5 में 60 प्रतिशत कंट्रीब्यूट करता है। उसके अलावा 30 प्रतिशत प्रदूषण फैक्ट्रियों और पावर प्लांट से आता है, जहां कोयला और बाकी ईंधन का इस्तेमाल होता है। यह सब मिलाकर 90 प्रतिशत हो जाता है। वहीं गाड़ियों से 10: से कम आता है। दिल्ली में धूल का प्रदूषण भी अधिक है। जहां इमारतें या रोड इंफ्रास्ट्रक्चर बन रहे हैं वहां से डस्ट आती है। दिल्ली के एरिया में जितने भी ओपन लैंड हैं, वहां से भी धूल आती है। बायोमास को हम कम कर सकते हैं। इसके लिए दिल्ली सरकार ही नहीं, सभी सरकारों को मिलकर एक कोऑर्डिनेटेड उज्ज्वला योजना लॉन्च करनी होगी। फिर पराली जलाने को स्ट्रिक्टली रोकना होगा। उससे 10 प्रतिशत प्रदूषण और कम हो जाएगा।

### सूडोकु बवाल-5182

★★★★☆

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्गों में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु बवाल -5180 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

## अपना ब्लॉग

### इलेक्ट्रिक रास्ता

**मोहन।** फैक्ट्रियों और थर्मल पावर प्लांट का इंतजाम। एमएसएमई सेक्टर की जो छोटी फैक्ट्रियां हैं, उसमें प्रदूषण आता है बॉयलर के ईंधन से। अगर हम बॉयलर के ईंधन को बिजली की तरफ शिफ्ट करें तो उससे भी प्रदूषण काफी कम होगा। जहां तक सवाल बड़ी इंडस्ट्री का है, उनको मानकों को फॉलो करने के लिए मजबूर करने की जरूरत होगी। चौथा, दिल्ली एयर पॉल्यूशन कंट्रोल जोन में हमें बहुत पेड़–पौधे और घास लगाने की जरूरत है ताकि डस्ट कम हो सके। और आखिर में हमें तेजी से दिल्ली की गाड़ियों को बिजली में शिफ्ट करने की जरूरत है। उज्जवला योजना का उद्देश्य यह होना चाहिए कि एयर पॉल्यूशन कंट्रोल जोन के अंदर जो हीटिंग और कुकिंग फ्यूल है, उसे हम नैचरल गैस और बिजली पर ट्रांसफर करें। इस पूरे 150 किलोमीटर के रेडियस में, जिसमें दिल्ली के अलावा 20–25 डिस्ट्रिक्ट हैं, वहां पर हीटिंग और कुकिंग को रिप्लेस करने की जरूरत है। अगर हम यह करते हैं तो 25 से 30 प्रतिशत वायु प्रदूषण तुरंत कम हो सकता है।






## अबीर गुलाल फर्स्ट लुकः फवाद खान की बांहों में वाणी कपूर

पाकिस्तानी एक्टर फवाद खान की भारत में तगड़ी फैन फॉलोइंग है और अब इन फैंस का इंतजार खत्म होने जा रहा है। जी हां। फवाद, बॉलीवुड में कमबैक करने जा रहे हैं। उनकी इस रोमांटिक कॉमेडी मूवी का नाम अबीर गुलाल है। इसमें वो वाणी कपूर के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। फवाद खान और वाणी कपूर की फिल्म अबीर गुलाल की शूटिंग सितंबर के आखिरी हफ्ते से शुरू हो गई है। इसका निर्देशन आरती एस बागड़ी कर रही हैं। कहानी दो ऐसे लोगों की है, जो अनजाने में एक–दूसरे की मदद करते हैं और आखिर में उन्हें प्यार हो जाता है। फिल्म का निर्माण विवेक बी अग्रवाल, अवंतिका हरि और राकेश सिप्पी ने किया है। मालूम हो कि साल 2016 में उरी हमले के बाद भारत में पाकिस्तानी कलाकारों पर प्रतिबंध लग गया था। इस वजह से फवाद करीब 8 साल से भारतीय सिनेमा से दूर थे। फवाद खान ने साल 2014 में खूबसूरत फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। इसमें सोनम कपूर भी थीं। इसके बाद वो कपूर एंड संस में नजर आए। उनकी पिछली हिंदी फिल्म ऐ दिल है मुश्किल थी, जो 2016 में आई थी और फवाद ने इसमें कैमियो किया था। फवाद को इसी साल बरजख सीरियल में देखा गया। उनकी द लेजेंड ऑफ मौला जट्ट को पूरी दुनिया में खूब सराहा गया, लेकिन भारत में विरोध के कारण ये रिलीज नहीं हो सकी।

## नवरात्रि में हेमा मालिनी ने मां दुर्गा बनकर दी गजब की परफॉर्मेंस

दिग्गज एक्ट्रेस हेमा मालिनी ने बड़े पर्दे पर दशकों तक अपनी एक्टिंग और डांस से फैंस का दिल जीता है। 75 साल की उम्र में भी, वह भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को दिखाते हुए अपनी डांस परफॉर्मेंस से प्रेरणा देती रहती हैं। मथुरा में एक बार फिर से हेमा मालिनी का डांस देखने को मिला। नव दुर्गा महोत्सव के दौरान मां दुर्गा बनकर उन्होंने खूबसूरती से परफॉर्म किया और कला के प्रति अपने जुनून को साफ–साफ दिखाया। हेमा मालिनी को इस अंदाज में डांस करते देख फैंस की खुशी चरम पर है। नवरात्रि के चौथे दिन, हेमा मालिनी ने उत्तर प्रदेश के मथुरा में मंच पर दो घंटे तक शानदार तरीके से डांस किया, जिसने वहां बैठे लोगों का दिल जीत लिया। चूंकि उन्होंने मां दुर्गा के कई रूपों को दिखाया, उनकी परफॉर्मेंस और भी अधिक इमोशनल बन गईं और दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया। दुर्गा सप्तशती पर आधारित नृत्य नाटिका में दिव्य स्त्री की शक्ति को दिखाते हुए हेमा मालिनी ने परफॉर्म किया। हेमा मालिनी ने माता सती और पार्वती बनकर दिल जीत लिया।

## रणवीर सिंह ने स्टेज पर चढ़कर उतारी दीपिका पादुकोण की उतारी नजर



अपनी फिल्मों में कारों को उड़ाने के लिए जाने जानेवाले बॉलीवुड के मशहबूर डायरेक्टर रोहित शेट्टी अपनी अगली फिल्म शसिंघम अगेनश का ट्रेलर लेकर हाजिर हैं। ट्रेलर लॉन्च के मौके पर इस फिल्म की भारी भरकम स्टार कास्ट पहुंच रही है। ट्रेलर की रिलीज से पहले इवेंट से सितारों की कुछ झलकियां सामने आई हैं। इस फिल्म में रणवीर सिह, अजय देवगन, करीना कपूर, अक्षय कुमार, दीपिका पादुकोण, टाइगर श्रॉफ, अर्जुन कपूर, जैकी श्रॉफ जैसे कई धांसू कलाकार हैं। इसी के साथ इसमें सलमान खान का कैमियो भी कन्फर्म हो गया है। मुंबई में मुकेश अंबानी के कल्चरल सेंटर नीता मुकेश अंबानी कल्चरल सेंटर में फिल्म का ट्रेलर रिलीज किया जा रहा है। इस मौके पर रणवीर सिंह पहुंच चुके हैं। इनके अलावा करीना कपूर की भी झलक सामने आई है। इस दिवाली रिलीज हो रही फिल्म के ट्रेलर लॉन्च से पहले ही रणवीर सिंह ने इवेंट में ऐसा कारनामा कर दिखाया है कि अब हर तरफ लोग उनकी बातें करते दिख रहे हैं। रणवीर सिंह जैसे ही मंच पर पहुंचे उनकी नजर दीवार पर लगी पोस्टर में रिवॉल्वर तानी दीपिका पादुकोण पर पड़ी। एक्टर ने पहले उंगलियों से बंदूक का निशाना बनाया और फिर उन्हें प्रणाम करते नजर आए। इसके बाद वीडियो में रणवीर सिंह दीपिका की नजर उतारते दिख रहे हैं। अपने अलग अंदाज के लिए चर्चा में रहने वाले रणवीर ने यहां भी कोई कसर नहीं छोड़ी।

# शरद केलकर को आवाज की वजह से चिढ़ाते थे लोग

*शरद केलकर के 48वें बर्थडे पर जानते हैं उनके कुछ ऐसे किस्से जो किसी प्रेरणा से कम नहीं। शरद ने एक्टिंग के साथ–साथ अपनी आवाज के जादू के दम पर खास जगह बनाई है। शरद ने बाहुबली में प्रभास के किरदार के लिए हिन्दी डबिंग के लिए अपनी आवाज दी थी। उन्होंने अपने एक इंटरव्यू में कहा था, मैं बचपन से ही हकलाता था। जब तक मैंने एक्टिंग करना शुरू नहीं किया तब तक मैं हकलाता था। मैंने कभी एक्टर बनने का सपना नहीं देखा था, वॉयस आर्टिस्ट बनना तो दूर की बात है। कहते हैं कि इसी हकलाहट के वजह से कई बार उन्हें स्कूल में बच्चे चिढ़ाते भी थे।*



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

**शरद केलकर ने बताया- कैसे होती है हकलाहट**

जी हां, शरद बचपन से ही स्पीच की दिक्कतों के साथ स्ट्रगल कर रहे थे। धीरे–धीरे उन्होंने अपनी इस कमी पर मेहनत की। एक बार ह्यूमन्स ऑफ बॉम्बे को दिए एक इंटरव्यू में शरद केलकर ने कहा, मैंने जो झेला, मैं नहीं चाहता कि बच्चे भी झेलें। कुछ न्यूरोलॉजिकल हकलाहट होती है, कुछ शारीरिक हो सकती है, जैसे सांस लेना या सुस्त जीभ। उन्होंने आगे कहा कि– जैसे आप बहुत तेजी से सोचते हैं लेकिन उस गति से बोल नहीं पाते तो हकलाहट इसी से आती है। एक्टर ने कहा– आपको ये समझना होगा कि ऐसा क्यों हो रहा है, मुझे इसमें बहुत समय लगा।

**शरद बोले- उन्होंने अपनी हकलाइट पर काफी काम किया**

उन्होंने बताया था कि उन्हें ये समझने में काफी समय लग गया कि हकलाहट की मुख्य वजह क्या है। फिर उन्हें धीरे–धीरे समझ



आया कि उनकी सांस लेने का तरीका गलत था। उन्होंने कहा, मैंने इस पर बहुत काम किया। मैंने कई सारे एक्टर्स और लोगों को देखा कि वे कैसे बोलते हैं और उनकी आवाज कितनी अच्छी है। मेरे साथ खास कर सांस लेने की दिक्कत थी। उन्होंने कहा था कि कुछ अक्षर ऐसे होते हैं जिन्हें बोलने के लिए एक खास जगह सांस की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि इसे सुधारा जा सकता है।

**जब सांसें ठीक कर लीं, तो मैंने हकलाना बंद कर दिया**

उन्होंने कहा था कि यह ठीक ऐसा ही है जैसे अगर मैं आपसे 100 मीटर तक दौड़ने के लिए कहूं और तुरंत कुछ लाइनें बोलने के लिए कहूं तो आप ऐसा नहीं कर सकते क्योंकि आपकी सांस लेना आपके कंट्रोल में नहीं है। आप जोर–जोर से सांस ले रहे होंगे। मेरे लिए यह वैसा ही था। एक बार जब मैंने अपनी सांसें ठीक कर लीं, तो मैंने हकलाना बंद कर दिया।

**असली पहचान कसौटी जिंदगी की से मिली**

मध्य प्रदेश के ग्वालियर में पैदा हुए शरद केलकर ने एक छोटे शहर मुंबई नगरी में कामयाबी तक का सफर काफी संघर्षों के साथ पूरा किया है। शरद ने अपने करियर की शुरुआत मॉडलिंग से की। हालांकि उन्हें असली पहचान टेलीविजन धारावाहिक कसौटी जिंदगी की से मिली। इसके बाद उन्होंने कई और शो जैसे माधवी, 'भाभी', 'रात होने को है', 'सीआईडी' और 'उतरन' और देवों के देव महादेव में काम किया और दर्शकों के बीच खास पहचान बनाई।

**बाहुबली के आलावा मराठी फिल्मों में भी अपनी आवाज दी**

उनकी आवाज को लोगों ने काफी पसंद किया और फिर ये आवाज उन्हें अलग पहचान बनाने में मदद की। एक्टर ने बाहुबली के आलावा मराठी फिल्मों में भी अपनी आवाज दी है। स्ट्रगल के दिनों में पैसों की काफी तंगी रही, लेकिन अब कुछ रिपोर्ट्स के मुताबिक उनकी नेटवर्थ 70 से 80 करोड़ रुपये के बीच है। इसके अलावा उनके पास कई लग्जरी गाड़ियां हैं और मुंबई में उनका शानदार घर भी है।

# शहनाज गिल और राजकुमार राव के गाने पर फिदा हुए फैन्स

*राजकुमार राव और शहनाज गिल का म्यूजिक वीडियो सजना वे सजना रिलीज हो चुका है। शहनाज के फैन्स को यह वीडियो बहुत पसंद आ रहा है। यह शहनाज का पहला आइटम सॉन्ग है जो फिल्म विक्की विद्या का वो वाला वीडियो का हिस्सा है। इस गाने को सुनिधि चौहान और दिव्या कुमार ने गाया है।*



शहनाज गिल इस वक्त सोशल मीडिया पर अपने इस वीडियो को लेकर खूब सुर्खियां बटोर रही हैं। सजना वे सजना गाने में राजकुमार राव के साथ शहनाज की जोड़ी अच्छी दिख रही है। शहनाज ने जब से इस गाने का टीजर जारी किया था, तभी से फैन्स में इस गाने को लेकर जबरदस्त एक्साइटमेंट था। अब फाइनली ये गाना यूट्यूब पर रिलीज कर दिया गया है।

**लोगों ने कहा- शहनाज के मूव्स किलिंग हैं, गाना ब्लॉकबस्टर**

ये पहला मौका है जब शहनाज गिल किसी फिल्म में आइटम सॉन्ग में नजर आई हों। इस गाने को आवाज दी है सुनिधि चौहान और दिव्या कुमार ने। लिरिक्स इरशाद कामिल के हैं। फैन्स को शहनाज का ये अवतार काफी पसंद आ रहा है। फैन्स ने कहा है– मूवी का सबसे हिट गाना होने वाला है ये। एक और ने कहा– हमारी सना इस गाने में बहुत खूबसूरत लग रही हैं। एक और ने कहा– शहनाज के मूव्स किलिंग हैं। एक और फैन ने लिखा– शहनाज ने शानदार काम किया है, एक्सप्रेशंस, बॉडी स्ट्रक्चर, ड्रेसिंग, मेकअप सबुकछ जबरदस्त है। काफी लोगों ने यही कहा है कि ये गाना इस सीजन का ब्लॉकबस्टर सॉन्ग होनेवाला है। लोगों ने ये भी कहा कि अब इस फिल्म को हिट होने से कौन रोक सकता है।

**राजकुमार राव के साथ पवन सिंह भी नजर आए**

बता दें कि इससे पहले शविक्की विद्या का वो वाला वीडियोश का चुम्मा गाना रिलीज हुआ जिसमें पवन सिंह ने अपनी आवाज दी है। पवन सिंह और राजकुमार राव के लटके–झटके भी लोगों को खूब पसंद आए।

**तृप्ति डिमरी के मूव्स को लेकर सोशल मीडिया पर काफी बवाल**

राज शांडिल्य निर्देशित इस फिल्म में विक्की विद्या का वो वाला वीडियो में राजकुमार राव और तृप्ति डिमरी लीड रोल में नजर आए हैं। मेकर्स का कहना है कि ये एक पारिवारिक फिल्म है। इस फिल्म के गाने मेरे महबूब में तृप्ति डिमरी के मूव्स को लेकर सोशल मीडिया पर काफी बवाल हुआ है, जिसके बाद उन्हें अपने डांस पर सफाई भी देनी पड़ी।

# 9 दिन व्रत रखने वालों को अनजाने में मिलते रहते हैं फायदे

*व्रत रखने के कई फायदे होते हैं। इससे हम शारीरिक और मानसिक रूप से बेहतर महसूस करते हैं। व्रत के दौरान हम हेल्दी चीजों का सेवन करते हैं जिससे हमारे शरीर को मजबूती मिलती है, साथ ही यह पेट को भी आराम देते हैं।*



**बॉडी डिटॉक्स**
मौजूद शोध के अनुसार, व्रत रखने से बॉडी को डिटॉक्स करने में मदद मिलती है। जो लोग लगातार ऑयली फूड या जंक फूड का सेवन करते हैं उनके पेट में भारीपन और एसिडिटी की समस्या बनी रहती है। ऐसे में व्रत करने से पेट के साथ पूरे शरीर को आराम मिलता है। उपवास रखने से शरीर डिटॉक्स हो जाता है। 9 दिनों के व्रत के दौरान ऑयली और जंक फूड से परहेज करना चाहिए। व्रत में सात्विक भोजन का सेवन करने से पेट साथ हमारी स्किन को भी फायदा होता है।

**मजबूत इम्यूनिटी**
व्रत रखने से इम्यूनिटी भी मजबूत होती है क्योंकि ऐसा करने से इम्यून सेल्स बनती हैं। अक्सर मौसम में बदलाव के कारण लोगों को सर्दी, जुकाम, बुखार आदि जैसी कई समस्याएं होती हैं। लेकिन अगर आप व्रत कर रहे हैं तो इससे आपकी इम्यूनिटी बूस्ट होती है और आप कई तरह के संक्रमणों से बच सकते हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है की इम्यूनिटी एक दिन में मजबूत नहीं होती है। यदि आपका खान–पान पहले से ही सही है और आप फिजिकली एक्टिव रहते हैं तो आपकी इम्यूनिटी मजबूत बनी रहेगी और उस पर किसी भी तरह का बुरा असर नहीं पड़ेगा।

**वेट लॉस में मदद**
व्रत में हम बहुत ही हल्का खाना खाते हैं यानी कम कैलोरी वाले हेल्दी फूड्स का सेवन करते हैं। इसके अलावा हम व्रत के दौरान ताजे फलों का सेवन अधिक मात्रा में करते हैं। इन सबसे हमें वेट लॉस करने में मदद मिलती है। व्रत में बॉडी का हाइड्रेशन लेवल भी बढ़ता है। व्रत के दौरान हमें अपनी बॉडी में स्टोर फैट से एनर्जी मिलती है। ऐसे में इससे वजन कम होता है।

**अच्छी नींद**
व्रत से केवल शारीरिक ही नहीं बल्कि हमारा मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर होता है। व्रत से हमारी बॉडी डिटॉक्स होती है और इसका फायदा दिमाग को भी मिलता है। इस दौरान सात्विक भोजन करने के कारण व्यक्ति काफी पॉजिटिव महसूस करता है जिससे उसका शरीर और दिमाग शांत रहता है। ऐसे में उसे अच्छी नींद भी आती है। व्रत करने वाले व्यक्ति के लिए अच्छी नींद लेना बेहद जरूरी होता है। व्रत के दौरान व्यक्ति को कम से कम 7 से 8 घंटे की नींद जरूर लेनी चाहिए। व्रत रखने से पेट से जुड़ी समस्याओं से भी आराम मिलता है। अगर आपको पाचन से जुड़ी समस्या हो रही है जैसे कब्ज, अपच और पेट दर्द तो आपकी यह समस्याएं दूर हो सकती है। व्रत के दौरान शरीर से सारे विषाक्त पदार्थ बाहर निकल जाते हैं।

# 45 मिनट में दिल का कच्चा–चिट्ठा खोल देगा ये टेस्ट

*हेल्दी रहने के लिए हमें खुद की अच्छी देखभाल करने की जरूरत होती है। यानी समय पर खाना, समय पर सोना और फिजकली एक्टिव रहना। इन सबके अलावा एक चीज और है जो जरूरी होती है वो है स्ट्रेस से बचना। खराब जीवनशैली के कारण कई बीमारियां होती हैं, लेकिन ज्यादा टेंशन और तनाव का सबसे बुरा असर हमारे दिल पर ही पड़ता है। अब अगर आप यह सोच रहे हैं कि आप एक हेल्दी लाइफस्टाइल फॉलो करते हैं और मेंटली भी फिट हैं फिर इस बात का पता कैसे लगाएं कि आपका हार्ट हेल्दी है या नहीं तो इसमें हम आपकी मदद कर सकते हैं।*

**बिना किसी ब्लड टेस्ट घर पर मिलेगी पूरी रिपोर्ट**
हार्ट हमारे शरीर के महत्वपूर्ण अंगों में से एक है इसलिए इसका सही तरीके से काम करना जरूरी होता है। हेल्थ एक्सपर्ट के अनुसार अगर हमारा दिल स्वस्थ है तो हमारा शरीर खुद ही कुछ ऐसे संकेत देता है जिससे यह आसानी से पता लगाया जा सकता है।

**४५ मिनट बिना रुके वॉक**
हेल्थ एक्सपर्ट ने एक पॉडकास्ट पर बताया कि अगर आप बिना रुके लगातार 45 मिनट तक वॉक कर लेते हैं तो इसका मतलब है कि आपका हार्ट पूरी तरह से हेल्दी है और आप नॉर्मल हैं। अपने दिल को स्वस्थ रखने के लिए पैदल चलना सबसे अच्छा व्यायाम होता है। इससे कोलेस्ट्रॉल लेवल और ब्लड प्रेशर का स्तर भी हेल्दी रहता है। वॉक करने से एलर्जी लेवल भी बढ़ती है।



**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**



**उम्र और जेंडर का असर**
डॉक्टर के अनुसार व्यक्ति की उम्र, शारीरिक स्थिति और जीवनशैली पर भी यह बात निर्भर करती है कि वह 45 मिनट में कितना चलेगा। आपको बस लगातार चलने पर फोकस करना है। एक युवा 45 मिनट में 7 किलोमीटर तक पैदल चल सकता है। वहीं 75 साल तक का बुजुर्ग 45 मिनट में केवल 3 से 4 किलोमीटर तक ही चल पाएगा।

**एक घंटे में इतने किलोमीटर वहक करना**
एक सामान्य व्यक्ति को कम से कम रोजाना 8 किलोमीटर पैदल चलना चाहिए। अगर आप मात्र 1 घंटे में 4 से 5 किलोमीटर वॉक कर ले रहे हैं तो आपका दिल पूरी तरह से स्वस्थ है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार व्यक्ति को प्रति सप्ताह 145 मिनट की मीडियम इंटेंसिटी वाली एक्सरसाइज करनी चाहिए और इसमें तेज वॉक भी शामिल है।

**हार्ट रेट**
हार्ट रेट का सही होना भी इस बात का संकेत देता है कि आपका दिल एकदम हेल्दी है। विशेष रूप से जब आप आराम कर रहे होते हैं तो आपकी हार्ट रेट 60 से 100 बीट प्रति मिनट होनी चाहिए। बहुत तेज या बहुत धीमी हृदय गति को सामान्य नहीं माना जाता है।

**ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल**
हेल्दी हार्ट के लिए ब्लड प्रेशर और कोलेस्ट्रॉल लेवल का कंट्रोल रहना बेहद जरूरी होता है। इसके अलावा स्ट्रोक की समस्या से बचने के लिए भी कोलेस्ट्रॉल और ब्लड प्रेशर का स्तर नॉर्मल रहना चाहिए। यदि यह दोनों ही समस्याएं एक साथ हो जाएं तो इससे ब्लड वेसल्स डैमेज हो सकती हैं।



## ऐसे बनाकर रोज पीएं आंवला का जूस, बूढ़ा होता शरीर बनेगा जवान

फलों का ताजा जूस पीना सेहत के लिए फायदेमंद हो सकता है। इससे विटामिन, मिनरल और हाइड्रेशन एकसाथ मिलता है। यह एनर्जी देने का काम भी करते हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि रोजाना पीने के लिए कौन सा जूस बेस्ट है। अगर नहीं जानते तो हम आपको बता दें कि आंवला का जूस रोजाना पीया जा सकता है। आंवला का जूस सुबह खाली पेट से लेकर शाम तक कभी भी पी सकते हैं। बस इसे रात में पीने से बचना चाहिए। क्योंकि इसकी तासरी ठंडी होती है और रात में यह जुकाम व गला खराब कर सकता है। लेकिन जब आंवला ठंडा है तो इसे सर्दी में कैसे पीएं? इसके लिए हम आपको एक खास रेसिपी बता रहे हैं जिसे किसी भी मौसम में अपना सकते हैं। आपको इससे ज्यादा ही फायदा मिलेगा। अधिकतर लोग जानते हैं कि आंवला के अंदर विटामिन की भरमार होती है। मगर लोगों को नहीं पता कि यह कैल्शियम की बढ़िया डोज भी देता है। साइंस डायरेक्ट के मुताबिक आंवला का रस ऑस्टियोपोरोसिस की बीमारी के खिलाफ प्रभावी पाया गया है। इस बीमारी में अस्थियों की ताकत खो जाती है और उनके टूटने का खतरा बढ़ जाता है। उम्र बढ़ने पर स्किन का कोलेजन कम हो जाता है। इसकी वजह से झुर्रियां, दाग, ड्राईनेस, डार्क सर्कल और त्वचा बेजान हो जाती है। आंवला के अंदर विटामिन सी होता है जो कोलेजन का उत्पादन बढ़ाता है।

## पुरुषों में बढ़ रहा अस्थमा और फेफड़ों के कैंसर का खतरा

दुनिया भर के लाखों पुरुष फेफड़ों के कैंसर से प्रभावित हैं। फेफड़ों के कैंसर का सबसे महत्वपूर्ण कारक धूम्रपान है। बचपन की सबसे आम बीमारियों में से एक अस्थमा है। वैश्विक स्तर पर लगभग 10: 6 से 7 वर्ष की आयु के बच्चों को अस्थमा की समस्या का प्रचलन है।
इसमें फेफड़ों की सूजन के कारण श्वसन मार्ग में सूजन हो जाती है, जिस कारण सांस लेने में कठिनाई होती है। इसकी समस्या में फेफड़े में होने वाली सूजन यदि लंबे समय तक रहे तो यह कैंसर हो जन्म दे सकती है। पुरुषों में श्वसन संबंधी बीमारियां बहुत ही गंभीर समस्याएं हैं। हमारा शरीर कोशिकाओं से मिलकर बना होता ह। कोशिकाएं खुद की मरम्मत करने में सक्षम होती हैं लेकिन जब कभी–कभी वह बहुत ही असामान्य तरीके से विकसित होने लगती है तो किसी गांठ या ट्यूमर के रूप में बदल जाती हैं। आमतौर पर यह श्वसन मार्ग की परत में शुरू होता है। जब यह फेफड़ों में शुरू होता है तो इसे प्राथमिक फेफड़े का कैंसर कहते हैं। फेफड़ों के कैंसर के लक्षण जल्दी दिखाई नहीं देते लेकिन जैसे–जैसे बीमारी बढ़ती है। इसके लक्षणों को देखा जा सकता है।

## शरीर की खाल चिल्ला–चिल्लाकर बताती है खतरनाक बीमारी



महिलाएं अपनी स्किन की काफी देखभाल करती हैं। बेदाग और निखरी त्वचा पर्सनालिटी से लेकर कॉन्फिडेंस तक बढ़ाती है। इसके महत्व को देखकर आजकल पुरुष भी स्किन केयर में पीछे नहीं रहे हैं। लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि शरीर की यही खाल 5 खतरनाक बीमारी के संकेत भी देती है। न्यूरोलॉजिस्ट डॉक्टर और हेल्थ एक्सपर्ट डॉ. प्रियंका सहरावत ने स्किन पर दिखने वाले 5 लक्षणों के बारे में बताया है जो 5 खतरनाक बीमारी की चेतावनी दे सकते हैं। इसमें से एक बीमारी ऐसी है जिसे तुरंत इलाज की जरूरत होती है वरना दिक्कत काफी बढ़ सकती है। हमारे हाथ की उंगलियों में तीन जोड़ होते हैं। इस हिस्से की स्किन काफी लचीली होती है। लेकिन अगर इन जोड़ों का रंग गहरा हो रहा है या काला पड़ रहा है तो डॉक्टर के मुताबिक यह शरीर में विटामिन बी12 की कमी का संकेत हो सकता है। यह लक्षण दिखने पर टेस्ट जरूर करवाएं। गर्दन के पीछे की स्किन का रंग काला पड़ रहा है तो सावधान हो जाएं। इसके पीछे मेटाबॉलिक सिंड्रोम की बीमारी हो सकती है। यह कई सारी बीमारियों का समूह है, जिसमें एब्डोमिनल ओबेसिटी, ओवरवेट, हाई ब्लड प्रेशर, हाई ब्लड शुगर, हाई इंसुलिन रेजिस्टेंस, हाई कोलेस्ट्रॉल हो सकता है।



**अय्यर के लिए बुरी खबर**

इस टीम में श्रेयस अय्यर को जगह मिली है, लेकिन देखा जाए तो ये अय्यर के लिए बुरी खबर है क्योंकि इससे साफ हो गया है कि वह न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज में टीम इंडिया का हिस्सा नहीं होंगे। कम से कम पहले मैच के लिए तो नहीं। आम तौर सेलेक्टर्स घरेलू सीरीज में एक या दो मैच के लिए टीम का एलान करते हैं। मुंबई को पहला मैच 11 अक्तूबर से बड़ौदा के खिलाफ खेलना है। रणजी ट्रॉफी का दूसरा राउंड 18 अक्तूबर से शुरू हो रहा है जिसमें मुंबई का सामना महाराष्ट्र से होगा।

## मुंबई ने सरफराज को रणजी ट्रॉफी के लिए टीम में जगह नहीं दी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। मुंबई क्रिकेट टीम ने कुछ ही दिन पहले रेस्ट ऑफ इंडिया को मात देकर ईरानी कप अपने नाम किया था। टीम की इस जीत के हीरो रहे थे सरफराज खान जिन्होंने पहली पारी में दोहरा शतक जमाया था। लेकिन इसके बाद भी मुंबई ने सरफराज को रणजी ट्रॉफी के लिए टीम में जगह नहीं दी है। मुंबई क्रिकेट संघ ने रणजी ट्रॉफी के शुरुआती दो मैचों के लिए टीम का एलान कर दिया है। मुंबई मौजूदा विजेता के तौर पर उतरेगी। अजिंक्य राहणे की कप्तानी में मुंबई ने पिछली बाये ट्रॉफी जीती थी। रहाणे की कप्तानी में ही मुंबई ने ईरानी कप जीता। इस बार भी रहाणे को कप्तानी सौंपी गई है। मुंबई ने जब अपनी रणजी टीम का एलान किया तो इसमें सरफराज का नाम नहीं है। हालांकि, इससे सरफराज दुखी नहीं होंगे बल्कि खुश होंगे। इसका कारण है न्यूजीलैंड का भारत दौरा। न्यूजीलैंड की टीम भारत दौर पर आ रही है जहां तीन मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। सीरीज का पहला मैच 16 अक्तूबर से शुरू हो रहा जो बेंगलुरू के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। वहीं मुंबई को अपना पहला रणजी मैच 11 अक्तूबर को खेलना है। जाहिर है न्यूजीलैंड के खिलाफ मैच से कुछ दिन पहले टीम इंडिया होगी।

# भारतीय टीम के लिए टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंचने की राह कठिन

**क्रिकेट**

### ऑस्ट्रेलिया बनाम न्यूजीलैंड मुकाबला भारत के लिए बहुत महत्व रखने वाला है

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट टीम के लिए मौजूदा टी20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंचने की राह बेहद कठिन हो गई है। हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व वाली भारत को टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में न्यूजीलैंड के हाथों शिकस्त का सामना करना पड़ा था। इसके बाद टीम इंडिया ने जोरदार वापसी की और अपने अगले मुकाबले में चिर–प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 6 विकेट से पटखनी दी। भारतीय टीम ने महिला टी20 वर्ल्ड कप 2024 के सेमीफाइनल में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को बेशक जिंदा जरूर रखा, लेकिन उसके अंतिम–4 में पहुंचने के समीकरण बेहद पेचीदा हैं।

भारतीय टीम को अगर सेमीफाइनल में पहुंचना है तो उसे अपने अगले दोनों मैच विशाल अंतर से जीतने की जरुरत है और इसके साथ–साथ



उसे अन्य मैचों के नतीजों पर भी निर्भर रहना होगा। इस कड़ी में न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के बीच का मुकाबला भारतीय दृष्टिकोण से अहम है।

भारत इस मुकाबले में न्यूजीलैंड का समर्थन करता हुआ नजर आएगा क्योंकि अगर कीवी टीम ऑस्ट्रेलिया को मात दे देगी तो विमेन इन ब्यू के अंतिम–4 में पहुंचने की उम्मीदें मजबूत हो जाएंगी।

भारतीय टीम ने अपने पिछले मैच में पाकिस्तान को 6 विकेट से मात दी थी। मगर टीम इंडिया का नेट रन रेट निगेटिव है। ऐसा इसलिए क्योंकि उसे अपने पहले मैच में कीवी टीम से 58 रन की शिकस्त मिली थी। भारत का रन रेट –1.217 है। ऑस्ट्रेलिया का रन रेट 1.098 और न्यूजीलैंड का रन रेट 2.9 है।

ऑस्ट्रेलिया को देखते हुए भारत और न्यूजीलैंड दोनों को अपने अगले सभी मुकाबले जीतने जरूरी हैं। अगर न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को हराया तो उसके 4 मैचों में 8 अंक हो जाएंगे। इस परिदृश्य में अगर भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराया तो हरमन ब्रिगेड के 6 अंक हो जाएंगे और वह सीधे सेमीफाइनल में पहुंच जाएगी। ऑस्ट्रेलिया ऐसे में तीसरे स्थान पर रहकर टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगी। अगर ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को मात दी तो भी भारत अंतिम–4 की दावेदारी में बना जरूर रहेगा। फिर भारत अपने अगले सभी मैच जीतकर 6 अंक हासिल कर लेगा। ऐसे में न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और भारत के 6–6 अंक हो जाएंगे।

# भगवान कृष्ण का भक्त, नॉनवेज शरीर को सूट नहीं करता: यदुवंशी मयंक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय टीम कभी अपनी विध्वंसक बैटिंग के लिए मशहूर थी, लेकिन पिछले कुछ सालों में गांव की गलियों, शहरों चौक–चौराहे से निकलकर एक से बढ़कर एक टैलेंट निकलकर सामने आए और तेज गेंदबाजी में भी भारत नंबर वन बन गया। जहीर खान, प्रवीण कुमार, भुवनेश्वर कुमार और ईशांत शर्मा के बाद मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह ऐसे तमाम नाम निकलकर आए, जिन्होंने भारत में तेज गेंदबाजी का माहौल बना दिया। इस लिस्ट में नया नाम बांग्लादेश के खिलाफ डेब्यू करने वाले मयंक यादव का नाम जुड़ गया है। आईपीएल में अपनी रफ्तार और धार से बल्लेबाजों के लिए खौफ बने मयंक ने डेब्यू मैच में मेडन ओवर डाला। उनकी तुलना उमरान मलिक

**मयंक यादव को उमरान मलिक से माना जा रहा बेहतर**

से हो रही है, लेकिन कईयों की मानें तो वह उमरान से बेहतर है। यहां रोचक बात यह है कि मयंक यादव नॉनवेज नहीं खाते हैं, जबकि माना जाता है कि एक तेज गेंदबाज की डाइट में इसे रखना जरूरी होता है। हालांकि, 6.1 फीट लंबे मयंक इससे इत्तेफाक नहीं रखते हैं।

इस बारे में उनकी मां ममता ने एक चौनल को बताया था– मयंक यादव पहले नॉनवेज अपनी डाइट में शामिल करते थे, लेकिन पिछले दो साल से उन्होंने पूरी डाइट बदलने का फैसला किया। वह अपनी डाइट में अब दाल, रोटी चावल और दूध को खासतौर पर शामिल करते हैं। जब इस बारे में पूछा गया कि ऐसा क्यों है तो उन्होंने बताया– मयंक ने बताया था कि नॉनवेज उनके शरीर को सूट नहीं करता है।

उन्होंने आगे बताया– मयंक ने नॉनवेज छोड़ने का फैसला दो कारणों से किया था। पहला उसका मानना था कि नॉनवेज उसकी बॉडी को सूट नहीं करता है, जबकि दूसरा वह भगवान कृष्ण का भक्त है। यह भी एक वजह हो सकती है। हमने कभी नॉनवेज छोड़ने या खाने को लेकर कभी उस पर दबाव नहीं डाला। बाद में उसने कहा कि डाइट बदलने का प्रभाव अच्छा है। उल्लेखनीय है कि गौतम गंभीर लखनऊ सुपर जायंट्स के मेंटॉर थे। दिल्ली की गलियों के फास्ट एंड फ्यूरियस मयंक यादव को टीम से जोड़ा। हालांकि, वह बाद में कोलकाता नाइटराइडर्स चले गए, लेकिन टीम ने मयंक को साथ रखा।

## हरियाणा में लेडी खली का चुनावी दंगल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। हरियाणा के चुनावी दंगल में कई रेसलरविनेश फोगाट अपनी किस्मत आजमा रही हैं। ओलिंपिक मेडल से चूकने वाले विनेश जुलाना सीट से चुनाव लड़ रही हैं। पेरिस ओलंपिक में विनेश 50 किग्रा कैटेगरी के फाइनल में पहुंच गई थी। फाइनल की सुबह उनका वजह निर्धारित से 100 ग्राम ज्यादा था। इसकी वजह से डिस्क्वालिफाई कर दिया गया। इसी जुलाना सीट से एक और रेसलर चुनाव लड़ रही हैं। इस रेसलर का नाम कविता दलाल है। कविता दलाल को आम आदमी पार्टी ने टिकट दिया है। 2022 में कविता ने पार्टी का हाथ थामा था। कविता दलाल देश की पहली महिला वर्ल्ड रेसलिंग एंटरटेनमेंट रेसलर हैं। कविता का जन्म हरियाणा के जींद जिले के गांव मालवी में हुआ था। देवी ने इंटरनेशनल इवेंट में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। उन्होंने 2016 दक्षिण एशियाई खेलों में 75 किलोग्राम वर्ग में गोल्ड मेडल अपने नाम किया था।

## न्यूज डायरी



### सीरीज के बीच में भारतीय क्रिकेटर के लिए आई खुशखबरी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इस समय भारतीय क्रिकेट टीम बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज खेल रही है। सीरीज का पहला मैच हो गया। सीरीज के बीच में एक भारतीय क्रिकेटर ने बताया है कि वह जल्द ही पिता बनने वाले हैं। ये भारतीय क्रिकेटर हैं अक्षर पटेल। हालांकि, अक्षर टी20 सीरीज के लिए टीम का हिस्सा नहीं हैं। वह बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट सीरीज के लिए भारत में शामिल किए गए थे, लेकिन मैच नहीं खेले थे। इस समय वह ब्रेक पर हैं। भारतीय टीम के ऑलराउंडर ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो जारी कर बताया कि उनकी पत्नी मेहा गर्भवती हैं और जल्द ही दोनों माता–पिता बनने वाले हैं। अक्षर ने पत्नी के साथ फोटोशूट भी कराया है। उन्होंने बेबी शावर का वीडियो शेयर किया है। इस मौके पर दोनों के परिवार मौजूद थे। वीडियो के साथ अक्षर ने कैप्शन में लिखा है, ‘बहुत बड़ी खुशी आने वाली है। अक्षर ने हाल ही में कपिल शर्मा शो पर हिस्सा लिया था। इस शो में उन्होंने हिंट दिया था कि जल्द ही उनके घर खुशखबरी आने वाली है। अक्षर ने शो पर कहा था, ये हो सकता है। मैंने पहले कहा था कि मेरी पसंदीदा होरइन दीपिका पादुकोण है चूंकि उनके साथ कुछ अच्छा हुआ है तो हो सकता है कि हमारे साथ भी कुछ अच्छा हो।

### मोहम्मद अजहरुद्दीन के मनी लॉन्ड्रिंग केस में बड़ा अपडेट

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** हैदराबाद। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान एवं कांग्रेस नेता मोहम्मद अजहरुद्दीन हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन (एचसीए) में कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हुए। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों ने बताया कि संघीय एजेंसी उनसे पूछताछ करेगी और धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत उनका बयान दर्ज करेगी। इससे पहले 61 वर्षीय पूर्व सांसद को तीन अक्टूबर को फतेह मैदान रोड पर संघीय एजेंसी के कार्यालय में पेश होने के लिए कहा गया था, लेकिन उन्होंने कुछ समय मांगा था जिसके बाद उन्हें आठ अक्टूबर को बुलाया गया। यह जांच एचसीए में कथित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ी है। ईडी ने इस संबंध में पिछले साल नवंबर में छापेमारी की थी। इसने एचसीए के पूर्व पदाधिकारियों के परिसरों पर छापे मारे थे जिनमें एचसीए के पूर्व उपाध्यक्ष एवं क्रिकेटर शिवलाल यादव, कांग्रेस विधायक एवं एचसीए के पूर्व अध्यक्ष गद्दाम विनोद, एचसीए के पूर्व सचिव अरशद अयूब के परिसरों के अलावा ‘एसएस कंसल्टेंट्स प्राइवेट लिमिटेड’ नामक कंपनी के कार्यालय और इसके प्रबंध निदेशक (एमडी) सत्यनारायण का आवासीय परिसर शामिल थे। सूत्रों ने बताया कि एचसीए अध्यक्ष के रूप में अजहरुद्दीन के कार्यकाल के दौरान उनकी भूमिका एजेंसी की जांच के दायरे में है। अजहरुद्दीन की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

### 2 करोड़ मिलने पर निराश, ओलंपिक मेडल विनर के पिता की मांग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** मुंबई। पेरिस ओलंपिक में कांस्य पदक जीतने वाले निशानेबाज स्वप्निल कुसाले के पिता ने महाराष्ट्र सरकार से उनके बेटे को मिली दो करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि पर निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि उनका बेटा इससे अधिक सम्मान राशि पाने का हकदार है। कोल्हापुर के रहने वाले 29 वर्षीय स्वप्निल कुसाले ने अगस्त में पेरिस ओलंपिक खेलों की निशानेबाजी प्रतियोगिता में 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। उनके पिता सुरेश कुसाले ने कहा कि उनके बेटे को पांच करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि और पुणे के बालेवाड़ी में छत्रपति शिवाजी महाराज खेल परिसर के पास एक फ्लैट मिलना चाहिए। उन्होंने कोल्हापुर में कहा, ‘हरियाणा सरकार अपने प्रत्येक (ओलंपिक पदक विजेता) खिलाड़ी को पांच करोड़ रुपये देती है। उन्होंने आग कहा, महाराष्ट्र सरकार की नई नीति के अनुसार ओलंपिक कांस्य पदक विजेता को दो करोड़ रुपये मिलेंगे। राज्य ऐसे मानदंड क्यों तय करता है जबकि स्वप्निल पिछले 72 वर्षों में (1952 में पहलवान केडी जाधव के बाद) महाराष्ट्र के केवल दूसरे व्यक्तिगत ओलंपिक पदक विजेता हैं।’ उल्लेखनीय है कि हरियाणा सरकार स्वर्ण पदक विजेता को छह करोड़ रुपये, रजत पदक विजेता को चार करोड़ रुपये और कांस्य पदक विजेता को 2.5 करोड़ रुपये देती है।

पेज थ्री देहरादून

स्वास्थ्य सचिव के निर्देश पर सीएमओ पहुंचे उप जिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण करने।



देहरादून, बुधवार, 9 अक्टूबर 2024



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### अब नगर निगम प्लास्टिक उपयोग पर एफआईआर दर्ज करेगा

**संवाददाता** देहरादून। सिंगल यूज प्लास्टिक के भंडारण, व्यापार और उपयोग के खिलाफ नगर निगम की कार्रवाई जारी है। मंगलवार को निगम की टीमों ने 65 लोगों पर चालान की कार्रवाई कर चार लाख सात हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। निगम ने दूसरी बार पकड़े जाने पर एफआईआर दर्ज करने की चेतावनी दी है। उप नगर आयुक्त गोपालराम बिनवाल ने बताया कि निगम की टीम ने निरंजनपुर मंडी में प्लास्टिक के चार थोक विक्रेताओं और तीन अन्य पर चालान की कार्रवाई की है और 150 किलोग्राम प्लास्टिक जब्त किया है। इसके साथ ही मुख्य सफाई निरीक्षक और सफाई निरीक्षकों ने 58 व्यक्तियों के चालान किए हैं। जिन पर 18 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। उप नगर आयुक्त ने मंडी सचिव को निर्देश दिए कि बाहरी जिलों से फल–सब्जी के साथ आने वाले प्लास्टिक को प्रतिबंधित करें।

### स्तन कैंसर से बचाएगी जागरूकता–नियमित जांच

**संवाददाता** देहरादून। स्तन कैंसर जागरूकता माह पिंक अक्टूबर के तहत दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कैंसर रोग विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. शशांक जोशी लगातार जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रहे हैं। उन्होंने मंगलवार को भी ओपीडी में मरीजों एवं उनके तीमारदारों को जागरूक किया। कहा कि स्तन कैंसर से महिला और पुरुषों दोनों प्रभावित हो सकते हैं। स्तन के आकार में परिवर्तन, स्तन या बगल में गांठ, स्तन पर त्वचा के रंग या बनावट में परिवर्तन, निप्पल से सीरस या रक्त मिश्रित निर्वहन, स्तन में दर्द, वजन घटने, भूख न लगना आदि लक्षण दिखें तो तत्काल डॉक्टर से परामर्श लेकर जांच करानी चाहिए। समय से अस्पताल आने पर 95 फीसदी मरीज ठीक हो जाते हैं। जागरूकता की कमी की वजह से मरीज ज्यादातर बढ़ी बीमारी के साथ अस्पताल में आते हैं।

### आईसीआईसीआई बैंक ने फोनपे के साथ की साझेदारी

**संवाददाता** देहरादून। आईसीआईसीआई बैंक ने आज घोषणा की कि उसने डिजिटल भुगतान कंपनी फोनपे के ऐप पर अपने पूर्व–स्वीकृत ग्राहकों को यूपीआई पर तुरंत क्रेडिट देने के लिए फोनपे के साथ साझेदारी की है। यह साझेदारी आईसीआईसीआई बैंक के लाखों पूर्व–स्वीकृत ग्राहकों को फोनपे ऐप पर तुरंत शॉर्ट टर्म क्रेडिट लाइन सक्रिय करने और इसे सहज और सुरक्षित तरीके से यूपीआई लेनदेन के लिए उपयोग करने की सुविधा प्रदान करती है। बैंक 45 दिनों की पुनर्भुगतान अवधि के साथ यूपीआई पर 2 लाख तक की क्रेडिट लाइन प्रदान करता है।

# अपनी भूमि को अतिक्रमणमुक्त करने की कार्यवाही तेज करें विभाग: डीएम

**निर्देश**

- सरकारी भूमि के अतिक्रमण पर जिलाधिकारी गंभीर, प्रत्येक सप्ताह करेंगे मॉनिटिरिंग
- विभागवार डेटासीट तैयार, रियल टाइम एवं तिथि पर अपलोड होगा, प्रत्येक सप्ताह होना चाहिए एक्शन

**संवाददाता**

देहरादून। जनपद में सरकारी भूमि से अतिक्रमण चिन्हित करते हुए रूटीन प्रकिया के तहत् निरंतर अभियान चलाकर अपनी भूमि को अतिक्रमणमुक्त करें सभी विभाग'' यह निर्देश जिलाधिकारी सविन बंसल ने ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में सरकारी भूमि को अतिक्रमणमुक्त किये जाने के सम्बन्ध में समस्त विभागों के अधिकारियों के साथ देर शाम आयोजित बैठक में दिए। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सम्बन्धित विभाग के नोडल अधिकारी अपनी भूमि पर अतिक्रमण चिन्हित करते हुए सम्बन्धित उप जिलाधिकारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी से समन्वय बैठक कर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही करेंगे।





जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि विभाग अपनी रूटीन प्रक्रिया के तहत् अतिक्रमण चिन्हित एवं हटाने की कार्यवाही करेंगे। विभागीय अधिकारियों द्वारा अतिक्रमण की रिपोर्ट पर कार्यवाही गतिमान लिखने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कब तक कार्यवाही की जाने की तिथि का उल्लेख करने के निर्देश दिए।

वहीं नगर निकाय हरबर्टपुर के अधिकारियों ने बताया कि उनकी आसन नदी के समीप भूमि पर अतिक्रमित है, जिस पर सम्बन्धित को नोटिस दिया गया, जिलाधिकारी ने नोटिस की तिथि पूछने पर अधिकारियों ने बताया गया कि वर्ष 2021 में नोटिस प्रेषित किया गया, जिस पर जिलाधिकारी ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि नोटिस प्रेषित करने के उपरान्त हटाने की कार्यवाही में इतना लम्बा समय क्यों लगा इसका विवरण दें अधिकारी तथा अतिक्रमणमुक्त करने की त्वरित कार्यवाही करें विभाग।

बैठक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह, प्रभागीय वनाधिकारी देहरादून नीरज कुमार, अपर जिलाधिकारी प्रशासन जयभारत सिंह, अपर मुख्य नगर अधिकारी नगर निगम देहरादून बीर सिंह बुदियाल, प्रभागीय वनाधिकारी कालसी, नगर आयुक्त नगर निगम ऋषिकेश शैलेन्द्र सिंह नेगी, उप जिलाधिकारी मुख्यालय शालिनी नेगी, संयुक्त मजिस्ट्रेट अनामिका, उप जिलाधिकारी विकासनगर विनोद कुमार, उप जिलाधिकारी सदर कुमकुम जोशी, उप जिलाधिकारी ऋषिकेश स्मृता परमार सहित सिंचाई, लोनिवि, यूजेवीएनएल, एनएच, एनएचआई, समस्त नगर निकायों अधिशासी अधिकारी उपस्थित रहे।

### अब अनियमितताओं पर शराब की दुकान निलम्बित

देहरादून। जिलाधिकारी सविन बंसल जन शिकायत पर कड़ा एक्शन लेते हुए, शराब की दुकान को 15 दिन के लिए निलंबित करने के आदेश दिए। राजपुर रोड बहल चौक स्थानीय निवासी महिलाओं एवं बुजुर्गों द्वारा जिलाधिकारी को प्रतिदिन संचालित जनता दर्शन कार्यक्रम के दौरान शिकायत कि गई ओपन लाज बिल्डिंग स्थित शराब की दुकान पर खुले में शराब पिलाए जाने तथा की शिकायत पर जिलाधिकारी ने एसडीएम सदर को कार्यवाही के निर्देश दिए। अवैध रूप से बार संचालन की स्थानीय निवासियों की शिकायत पर डीएम ने कराई थी जांच। इससे पूर्व टीम द्वारा तत्काल छापेमारी कर समस्त अवैध दुकानों को ओपल लॉज के बाहर से हटाया गया। ओपल लॉज के बेसमेंट में चल रहे अवैध शराब सेवन स्थल को तत्काल बंद करवाते हुए 500000 की चालानी कार्रवाई की गई। उपजिलाधिकारी न्यायिक सदर देहरादून के माध्यम से प्रेषित संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट में उल्लेख किया गया कि दी ओपल लॉज बिल्डिंग के बेसमेंट में अवैध रूप से एक बार का संचालन होना पाया गया।

# निराश्रित बच्चों के आत्मनिर्भर भविष्य की नींव रख रहा महिला कल्याण विभाग

**प्रेरणा**

- कार्यक्रम में कविता और प्रीति जैसी बच्चियों की प्रेरक कहानियाँ सामने आईं

**संवाददाता**

देहरादून। महिला कल्याण विभाग द्वारा 08 अगस्त, 2024 को संस्कृति विभाग के प्रेक्षागृह में आयोजित एक विशिष्ट कार्यक्रम में निराश्रित और दिव्यांग बच्चों के हौसलों को नए पंख लगते हुए देखा गया। इस कार्यक्रम में ऐसे बच्चों ने हिस्सा लिया, जिन्हें परिवार ने दिव्यांगता या विपरीत परिस्थितियों के कारण परित्याग कर दिया था। मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने वाली कैबिनेट



मंत्री श्रीमती रेखा आर्या (महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग) ने बच्चों के साथ संवाद किया और उनकी संघर्षपूर्ण यात्रा से प्रेरणा प्राप्त की।

कार्यक्रम का उद्देश्य उन बच्चों का सम्मान करना था जो राजकीय या स्वैच्छिक संस्थाओं के माध्यम से पुनर्वासित हुए और आज आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रहे हैं। महिला कल्याण विभाग के निदेशक श्री प्रशांत आर्य ने बताया कि कार्यक्रम में भाग लेने वाले अधिकांश बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं या विभिन्न व्यावसायिक कोर्स (जैसे बी.टेक, बी.एस.सी, बी. बी.ए, जी.एन.एम, योगा में डिप्लोमा, ब्यूटीशियन कोर्स, कंप्यूटर कोर्स) कर रहे हैं। विभाग की योजनाओं के माध्यम से 104 किशोर–किशोरियों को अब तक पुनर्वासित किया जा चुका है। कविता, जो शारीरिक रूप से दिव्यांग है, 10 वर्ष की उम्र में बालिका निकेतन, देहरादून में आई थी। परिवार के परित्याग के बाद, कविता का पालन–पोषण संस्थान में हुआ और अब वह शिशु सदन में केयरटेकर के रूप में सम्मानजनक जीवन जी रही है।

प्रीति, जो मानसिक रूप से आंशिक दिव्यांग है, को 12 वर्ष की उम्र में बालिका निकेतन, देहरादून में प्रवेश कराया गया था। आज वह बालिका निकेतन में केयरटेकर के रूप में कार्यरत है और बड़ी जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर रही है। इन दोनों बच्चियों ने समाज द्वारा अस्वीकार किए जाने के बावजूद, अपने हौसले और मेहनत से एक सफल जीवन की ओर कदम बढ़ाया है।

### इस बार भी यूपी से ज्यादा मिलेगा किसानों को गन्ना मूल्यः सौरभ

**संवाददाता** देहरादून। गन्ना विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा ने कहा कि उत्तराखंड वर्तमान पेराई सत्र में भी गन्ना मूल्य यूपी से अधिक ही देगा। मंगलवार को विभिन्न मुद्दों को लेकर यमुना कालोनी स्थित कैंप कार्यालय में मुलाकात को आए किसानों ने बहुगुणा ने यह आश्वासन दिया। भारतीय किसान यूनियन वेलफेयर फाउंडेशन के अध्यक्ष सोमदत्त शर्मा के नेतृत्व में आए किसानों ने बहुगुणा को मांगपत्र सौंपा। उन्होंने इस वर्ष गन्ना मूल्य को 500 रुपये करने का अनुरोध किया। इसके साथ ही उन्होंने हाइब्रिड वाहनों पर रोड टैक्स की छूट, दूसरे प्रदेश से नए हाइब्रिड वाहन खरीदने पर सभी टैक्स में रियायत की मांग भी की। किसानों का इकबालपुर चीनी मिल पर बकाया गन्ना मूल्य का जल्द भुगतान कराने, हरिद्वार में बहादराबाद से इब्राहिमपुर तक सड़क की मरम्मत कराने की मांग भी उठाई। बहुगुणा ने कहा कि उनके कार्यालय और आवास के दरवाजे किसानों के लिए चौबीसों घंटे खुले हैं। किसान कभी अपनी समस्या उनके सामने रख सकते हैं।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।